इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

ममता बोलीं-आप कब्जा करेंगे और हम बैठकर लॉलीपॉप खाएंगे

बांग्लादेशी नेताओं ने कहा था- बंगाल, बिहार और ओडिशा पर बांग्लादेश का अधिकार

कोलकाता। ममता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे बांग्लादेश में दिए जा रहे बयानों से परेशान न हों। ममता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे बांग्लादेश में दिए जा रहे बयानों से परेशान न हों। ममता बनर्जी ने सोमवार को बांग्लादेशी नेताओं के उस बयान का जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश का बंगाल, बिहार और ओडिशा पर अधिकार है। ममता ने कहा कि आपको क्या लगता है, आप हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे तो हम लोग लॉलीपॉप खाते रहेंगे?

ममता ने पश्चिम बंगाल विधानसभा को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे बांग्लादेश में दिए जा रहे बयानों से परेशान न हों। उन्होंने जनता को यकीन दिलाया कि पश्चिम बंगाल हमेशा केंद्र के फैसले का समर्थन करेगा। ममता ने लोगों से कहा कि शांत रहें, स्वस्थ रहें और मन की शांति बनाए रखें।

बांग्लादेशी नेता ने कहा था- भारत बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा रहा

बीएनपी के जॉइंट जनरल सेक्रेटरी रूहुल कबीर

रिजवी ने रविवार को पब्लिक मीटिंग में कहा था कि भारत हर कदम पर बांग्लादेश को नुकसान पहुंचा सकता है। उसने शेख हसीना को इसलिए शरण दी क्योंकि उसे बांग्लादेश के लोग पसंद नहीं हैं। भारत किसी से दोस्ती नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर भारत चटगांव मांगता है, तो हम बंगाल, बिहार और ओडिशा वापस ले लेंगे। भारत में सांप्रदायिकता बहुत ज्यादा है। शेख हसीना ने दिल्ली के आशीर्वाद से ही बांग्लादेश में 16 साल सरकार चलाई। भारत ने वकील आलिफ की हत्या के बारे में भी कुछ नहीं कहा।

ममता ने कहा- हम केंद्र सरकार की लाइन से इतर बात नहीं करेंगे

ममता ने कहा कि हमारी सरकार और पार्टी (टीएमसी) भारत के विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन करेगा और केंद्र सरकार की लाइन से इतर कोई बात नहीं करेगी। हमारे देश के विदेश सचिव बातचीत के लिए बांग्लादेश में हैं। इसलिए हमें उतना ही बोलना चाहिए जितनी जरूरत हो। हमें नतीजों का इंतजार करना चाहिए। हम सब जिम्मेदार नागरिक हैं, हमारा देश एक है।

ममता बोलीं- मीडिया भी अपनी जिम्मेदारी समझे

ममता ने अपने राजनीतिक विरोधियों समेत सभी लोगों से अपील कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे हालात बिगडें। उन्होंने मीडिया हाउसेस से भी बांग्लादेश के हालात पर कोई कमेंट करते समय जिम्मेदारी से बर्ताव करने को कहा। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल उत्तर प्रदेश नहीं है, जहां हम आपके टेलिकास्ट को बैन कर देंगे, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

डीएमएफ घोटाला : ईडी ने 8 हजार से ज्यादा पन्नों का चालान किया कोर्ट में पेश, रानू साहू समेत 16 पर लगाए आरोप

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में डीएमएफ घोटाले के आरोप में जेल में बंद आरोपी मनोज द्विवेदी की रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को ईडी ने कोर्ट में पेश किया। जहां ईडी ने आईएएस रानू साहू, माया वारियर समेत 16 आरोपियों के खिलाफ 8 हजार 21 पन्नों का चालान पेश किया है। जिसमें 169 पन्नों में प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन है। ईडी ने 90 करोड़ 48 लाख 22 हजार 255 रुपए के घोटाले का चालान कोर्ट में पेश किया है।

माया वारियर से पूछताछ के बाद हुई मनोज द्विवेदी की गिरफ्तारी

उल्लेखनीय है कि, बीते दिनों ईडी ने निलंबित आईएएस रानू साहू के करीबी ठेकेदार मनोज कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। ठेकेदार मनोज कुमार द्विवेदी की गिरफ्तारी इसी मामले में माया वारियर से पूछताछ के बाद हुए खुलासे के आधार पर की गई है। बताया जा रहा है कि, ठेकेदार मनोज द्विवेदी ने डीएमएफ के कामों में ठेका दिलाने के लिए अवैध वसूली की है। उस पर आईएएस रानू साहू के लिए इसी जरिए से वसूली का आरोप है। मिली जानकारी के मुताबिक मानोज ने दूसरे ठेकेदारों से लगभग 12 करोड़ रुपये वसूले और माया वारियर के जरिये आईएएस रानू साहू तक पहुंचाया।

मनोज द्विवेदी ने भी करोड़ों कमाए

यह भी पता चला है कि ठेकेदार मनोज द्विवेदी अपना खुद का एक एनजीओ उद्गम सेवा समिति के नाम से चलाता है। छ्रस्न का काम दिलाने के लिए वसूली गई रकम में से 7-8 करोड़ रुपये मनोज द्विवेदी ने भी कमाए हैं।

उल्लेखनीय है कि, ईडी इससे पहले भी कई बार मनोज द्विवेदी से पूछताछ कर चुकी है। वहीं माया वारियर को भी कुछ समय पहले ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरबीआई के नए गवर्नर होंगे संजय मल्होत्रा : शक्तिकांत दास की लेंगे जगह

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर के रूप में संजय मल्होत्रा की नियुक्ति की गई है। केंद्रीय कैबिनेट ने सोमवार को उनके नाम को मंजूरी दी। वह मौजूदा गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे और बुधवार 11 दिसंबर 2024 को अपने नए पदभार को संभालेंगे। उनकी नियुक्ति तीन वर्षों के लिए की गई है। संजय मल्होत्रा 1990 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई आईआईटी कानपुर से की है और पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स की डिग्री प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से हासिल की। वह वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

शक्तिकांत दास ने अपने 6 वर्षों के कार्यकाल में भारतीय रिजर्व बैंक को मजबूत बनाने का काम किया। उन्होंने उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद दिसंबर 2018 में यह जिम्मेदारी संभाली थी। कोविड-19 महामारी और उसके बाद की आर्थिक चुनौतियों के दौरान दास ने देश की मौद्रिक नीतियों को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

संजय मल्होत्रा के पास 33 सालों का अनुभव

संजय मल्होत्रा का 33 सालों से अधिक का प्रशासनिक अनुभव है। उन्होंने पावर, फाइनेंस, टैक्सेशन, आईटी और माइंस जैसे क्षेत्रों में काम किया है। फाइनेंस और टैक्सेशन में उनके गहरे अनुभव ने उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार बनाया।

दिल्ली विस चुनाव 2025: आप ने जारी की 20 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट : 0 मनीष सिसोदिया की सीट पर अवध ओझा लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली। दिल्ली में जल्द विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। आगामी चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने 20 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। इस बार आप ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीट रही पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से शिक्षक अवध ओझा को उतारने का फैसला लिया है। वहीं मनीष सिसोदिया को जंगपुरा विधानसभा सीट से टिकट दी है। इसके अलावा आप के कई मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर कांग्रेस और बीजेपी छोड़कर आए नेताओं पर भरोसा जताया है।

आम आदमी पार्टी की दूसरी सूची में विधानसभा सीट नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कराला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी से प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनर्दीप सिंह साहनी, पटेल नगर से प्रवेश रत्न, मादीपुर से राखी बिदलान, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, देवली से प्रेम कुमार चौहान, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, पालम विधानसभा से जोगिंदर सोलंकी, त्रिलोकपुरी से अंजना पारचा, पटपड़गंज विधानसभा सीट से अवध ओझा, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, गांधी नगर से नवीन चौधरी उर्फ दीपू, शाहदरा से पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी, मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया को टिकट दिया है।

हाल ही में दूसरी पार्टियों से आए कई चेहरों को अरविंद केजरीवाल ने टिकट दिया है। इसमें कांग्रेस से आप में शामिल हुए सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू हैं, उन्हें तिमारपुर सीट से टिकट दी गई है। इसके अलावा भाजपा से आप में आए प्रवेश रत्न को पटेल नगर विधानसभा सीट से मौका दिया गया है। प्रवेश रत्न पहले बीजेपी की टिकट पर इस विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। हाल ही में भाजपा से आप में शामिल हुए जितेंद्र सिंह शंटी को शाहदरा विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है।

बता दें कि आम आदमी पार्टी ने नवंबर में पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें 11 प्रत्याशियों को मौका दिया गया था। इनमें से छह नेता ऐसे हैं, जो किसी अन्य पार्टी से आकर भाजपा में शामिल हुए हैं। तीन वर्तमान विधायकों के नाम थे और तीन ऐसे नाम थे, जो पिछले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाए थे, लेकिन फिर भी आम आदमी पार्टी ने इन पर भरोसा जताते हुए दोबारा टिकट दी। जिसमें छतरपुर से ब्रह्म सिंह तंवर, किराड़ी से अनिल झा, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, रोहतास नगर से सरिता सिंह, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी, बदरपुर से राम सिंह, सीलमपुर से जुबैर चौधरी, सीमापुरी से वीर सिंह धींगान, घोंडा से गौरव शर्मा, करावल नगर से मनोज त्यागी, मटियाला से सोमेश शौकीन, इनमें से सोमेश शौकीन, वीर सिंह धींगान, जुबैर चौधरी, बीबी त्यागी, अनिल झा और ब्रह्म सिंह तंवर ऐसे नेता हैं, जिन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी ज्वाइन की।

राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी; विपक्षी दलों ने दिया समर्थन

नई दिल्ली। शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में राजनीतिक तापमान चरम पर है। विपक्षी दलों का इंडिया ब्लॉक अब राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। जानकारी के अनुसार, इस प्रस्ताव पर अब तक 70 सांसदों के हस्ताक्षर हो चुके हैं।

धनखड़ के रुख को देखते हुए अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी

बताया जा रहा है कि सोमवार को राज्यसभा में जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर हंगामे के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ के रुख को देखते हुए कांग्रेस उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। सोमवार को जॉर्ज सोरोस से जुड़े मुद्दे पर जिस तरह से राज्यसभा में हंगामा हुआ, उसे लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य सभापति जगदीप धनखड़ से नाराज बताए जा रहे हैं। इसमें समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है। विपक्ष की ओर से सभापति को हटाने के लिए प्रस्ताव लाए जाने की चर्चा संसद के पिछले मॉनसून सत्र के दौरान भी थी लेकिन तब विपक्ष ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था।

सिंघवी का नाम लेने पर भड़के खड़गे

सदन में हंगामे के दौरान भी दिग्विजय सिंह से लेकर राजीव शुक्ला तक, कांग्रेस सांसदों ने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि किस नियम के तहत उन्होंने चर्चा चालू की है। विपक्षी सदस्यों ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि सभापति बीजेपी सदस्यों के नाम ले-लेकर उनसे बोलने के लिए कह रहे हैं। सोमवार को जॉर्ज सोरोस से जुड़े मुद्दे पर सदन में हुए हंगामे के बाद विपक्ष ने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाया। विपक्षी सांसदों का कहना है कि सभापति धनखड़ चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ दल को बढ़ावा दे रहे थे और विपक्ष की आवाज को नजरअंदाज किया गया।

राज्यसभा में सभापति को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया बेहद सख्त है। इसके लिए कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है। हस्ताक्षर के बाद, प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है और फिर उपस्थित सदस्यों के बहुमत से इसे पारित किया जाता है। प्रस्ताव राज्यसभा में पारित होने के बाद लोकसभा में भी मंजूरी लेनी होती है। बता दें कि शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक ही चलना है।

धनखड़ ने दी प्रतिक्रिया

हंगामे के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने से पहले कहा, 'देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता सर्वोच्च है। कोई भी ताकत इसे कमजोर नहीं कर सकती। विपक्ष और सरकार को राष्ट्रवाद के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता रखनी चाहिए।'

आज कांग्रेस का प्रदर्शन : डिप्टी सीएम साव बोले- किसान हितैषी होने का दिखावा कर रही कांग्रेस

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार को 13 दिसंबर को एक साल पूरा हो जाएगा। इस अवसर पर भाजपा पूरे प्रदेश के हर जिले में कार्यक्रम आयोजित करेगी। वहीं सरकार के एक साल पूरे होने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, 13 दिसंबर को सरकार के एक साल पूरा हो रहा है। विष्णु देव सरकार का ऐतिहासिक और सफलता भरा एक रहा है।

डिप्टी सीएम साव ने कहा कि, मोदी की गारंटी को पूरा करने का सिलसिला चला है। गांव और शहरों का विकास हो रहा है। साथ ही मोदी और शाह जी ने जो भरोसा दिलाया था वो पूरा हो रहा है। हर वर्ग इच्छा और आकांक्षाओं को सरकार पूरी कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे।

कांग्रेस आज करेगी प्रदर्शन

धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस का मंगलवार को प्रदर्शन करेगी। वहीं इस मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव का बयान सामने आया है। साव ने कहा कि, कांग्रेस किसानों को ठगने और धोखा देने वाली है उसे किसानों के हित के बारे में बात करने का कोई हक नहीं है। कांग्रेस को चिंता करने की जरूरत नहीं है धान खरीदी केंद्रों में पूरी व्यवस्था है।

भाजपा ओबीसी हितैषी है- साव

डिप्टी सीएम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

महायुति सरकार ने महाराष्ट्र विधानसभा में साबित किया बहुमत, राहुल नार्वेकर फिर चुने गए विधानसभा अध्यक्ष

मुंबई। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में आसानी से बहुमत साबित कर दिया। शिवसेना विधायक उदय सामंत, भाजपा विधायक संजय कुटे, पूर्व मंत्री दिलीप वालसे पाटिल और निर्दलीय विधायक रवि राणा द्वारा पेश किया गया विश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुआ।

सदन ने दी विश्वास प्रस्ताव की मंजूरी

विधानसभा में जब विश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दी गई तो कुछ विपक्षी सदस्य अनुपस्थित थे। इनमें शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे भी शामिल थे। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने घोषणा की कि सदन ने विश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भाजपा-शिवसेना-राकांपा 'महायुति' गठबंधन के पास 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 230 सीटें हैं।

राहुल नार्वेकर को 15वीं विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (मविआ) ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा। फडणवीस ने कहा कि नार्वेकर 1960 में राज्य के गठन के बाद से इस पद पर दोबारा चुने जाने वाले निचले सदन के दूसरे सदस्य हैं।

बाला साहेब भारदे दो बार विधानसभा अध्यक्ष चुने गए थे। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष के रूप में राहुल नार्वेकर के चुनाव का 'बहिष्कार' किया क्योंकि राहुल ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान असंवैधानिक सरकार चलाने में मदद की थी।

राजनीतिक विरोधियों से बदला नहीं लेंगे : ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि वह पदभार ग्रहण करने के बाद अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला नहीं लेंगे। ट्रम्प ने एनबीसी न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं अतीत में वापस नहीं जाना चाहता... प्रतिशोध सफलता के माध्यम से होगा। ट्रम्प ने 2021 के कैपिटल दंगे में उनकी कथित भूमिका की जांच का नेतृत्व करने वाले अमेरिकी विशेष वकील जैक स्मिथ को 'बहुत भ्रष्ट' बताया और कहा कि 06 जनवरी के हमले की जांच करने वाली समिति के सदस्य 'राजनीतिक गुंडे' थे जिन्हें 'जेल जाना चाहिए,' लेकिन उन्होंने कहा कि वह विशेष रूप से एफबीआई और न्याय विभाग से उन्हें दंडित करने के लिए नहीं कहेंगे हालांकि उनका मानना है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इसकी जांच करनी चाहिए।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने गैर-दस्तावेज प्रवासियों के सामूहिक निर्वासन को अंजाम देने और जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने की अपनी योजनाओं की पुष्टि की। यह एक संवैधानिक प्रावधान है जो अमेरिका में पैदा हुए सभी बच्चों को उनके माता-पिता की राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना अमेरिकी नागरिकता की गारंटी देता है।

ट्रम्प ने 06 जनवरी, 2021 के विरोध प्रदर्शन में अपनी भूमिका के लिए संघीय अपराधों के दोषी लोगों को माफ़ करने का भी वादा किया। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि उनमें से कई जेलों में दुर्व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'ये लोग नरक में रह रहे हैं।' निर्वाचित राष्ट्रपति ने कसम ली कि जिस दिन वह पदभार ग्रहण करेंगे उसी दिन माफ़ी जारी की जाएगी।

श्री ट्रम्प पर भी 06 जनवरी, 2021 को कैपिटल दंगे से संबंधित आरोप लगे थे, जब उनके समर्थकों ने इमारत पर धावा बोला था और कांग्रेस की कार्यवाही को बाधित किया था। प्रदर्शनकारियों को इमारत से हटाए जाने के बाद कांग्रेस ने मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की जीत को प्रमाणित किया जबकि दंगों के सिलसिले में तब से सैकड़ों लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। नवंबर के अंत में श्री ट्रम्प के खिलाफ़ आरोप हटा दिए गए थे।

पुलिस भर्ती रिजल्ट जारी : सूबेदार-एसआई सहित 2 हजार 618 कैंडिडेट्स के नाम शामिल, महिला अभ्यर्थी ने टॉप 10 में बनाई जगह

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। जिसमें सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक (विशेष शाखा), प्लाटून कमाण्डर, उप निरीक्षक (अंगुल चिन्ह), उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज), उपनिरीक्षक (रेडियो), उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) की फाइनल लिस्ट जारी कर दी गई हैं। व्यापमं ने 2 हजार 618 कैंडिडेट्स की मैरिट सूची जारी की है।

टॉप 10 में अपनी जगह

इस सलेक्शन लिस्ट में अर्जुन सिंह ने टॉप किया है, जबकि, अभिषेक पाठक दूसरे स्थान पर रहे। वहीं मनोज कुमार तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई है। विकास केरकेट्टा चौथे, संजय कुमार पांचवे, अनुराग छठवें और महेन्द्र कुमार सातवें स्थान पर है। टॉप टेन कैंडिडेट्स में केवल 1 ही महिला अभ्यर्थी शीलू श्रीवास्तव 8वें नंबर पर हैं, 9वें नंबर पर नीरज तिर्की और 10वें स्थान पर संजय सिंह है।

वेबसाइट पर देख सकते हैं मेरिट लिस्ट

इन पदों के लिए मुख्य लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 26, 27 और 29 मई 2023 को किया गया था। जिसमें 971 पदों पर भर्ती होनी थी। जिसके बाद परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम की वेबसाइट 14ड्डश्चद्ब.ष्द्द्दशद्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पर अपलोड कर दावा आपत्ति मंगाई गई थी। जिसके बाद यह चयन सूची जारी की कई है। मेरिट लिस्ट पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर की वेबसाइट www.cgpolice.gov.in की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

लोकतंत्र की आधारशिला है हमारा संविधानः संगीता

राजनांदगांव (दावा)। संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, सभी के लिए न्याय और निष्पक्षता सुनिश्चित करता है, संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है और हमारे राष्ट्र को जोड़ने वाला सूत्र है। यह यात्रा हमारे संविधान के संस्थापकों की दूरदृष्टि को श्रद्धांजलि है और प्रस्तावना में निहित न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों की याद दिलाती है। संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 08 दिसंबर रविवार को संविधान सम्मान यात्रा निकाली गई।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी बालोद की विधायिका श्रीमती संगीता सिन्हा, शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में रविवार 8 संविधान रक्षा यात्रा निकली गई। जो शहर के जयस्तंभ चौक से निकली जो मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, तिरंगा चौक, भारत माता चौक, रामाधीन मार्ग होते हुए कमल टॉकीज पर कांग्रेसजनों द्वारा अशोक स्तंभ पर संविधान पट्टी पर फुलमालाओं अर्पित कर आगे बौद्ध विहार पहुंची जहां पर संविधान निर्माता महामानव डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा व गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती जलाई। इसके बाद जिला प्रभारी व विधायिका द्वारा संविधान का वाचन का संकल्प दिलाया।

पीसीसी द्वारा नियुक्त प्रभारी बालोद की विधायिका श्रीमती संगीता सिन्हा ने उपस्थितजनों कांग्रेसजनों को संविधान प्रस्तावना संकल्प दिलाते हुए कहा कि संविधान रक्षक अभियान यात्रा के प्रथम चरण का शुभारंभ हुआ जिसके लिए पूरे कांग्रेसजनों को बधाई देती हूं। हमारा संविधान बहुत बड़ा संविधान है जिसे

0 बेटियों की सुरक्षा करने में विफल केन्द्र की मोदी सरकारः संगीता

0 जिला प्रभारी बालोद विधायिका की की अगुवाई में निकली संविधान रक्षक अभियान यात्रा

0 जो संविधान की बात करेंगा वही देश में राज करेगा के नारों के साथ जनजागरूकता संविधान यात्रा निकली

डा.बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा दो साल 11 महीने 18 दिन में पूरा किया जिसमें देश की आर्थिक, भोगोलिक स्थिति सहित विभिन्न प्रांतों का चिंतन कर लिखा गया है। इस संविधान के कारण लोकतंत्र की आधारशिला रखी गई। किन्तु बड़े ही सोचनीय विषय है कि आज हमारे संविधान पर खतरा नजर आ रहा है, संविधान को बदलने की नाकामी कोशिश कर रही है, केन्द्र में बैठी मोदी सरकार 400 पार के नारा लगाकर संविधान में बदलने का प्रयास किया जो पूरी तरह से धर्राशाही हो गया। हमारा संविधान को बचाना है इसके लिए हमें जन-जागरूकता बहुत ही जरूरी है।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि 26 नवंबर से 26 जनवरी तक पूरे देश में संविधान बचाओ यात्रा निकाली जा रही है जिसके प्रथम चरण में आज शहर में निकाली गई। संविधान निर्माता डा.बाबा साहेब अम्बेडकर का जीवन पूरा संघर्ष मय रहा। बाबा साहेब अर्थशास्त्री, आधुनिकता के ज्ञाता थे, उन्होंने अपने जीवन में जो कठिनाईयों के साथ छूआछूत देखी थी, उनको मिटाने और समाज को संगठित कर समानता का अधिकार दिलाने संविधान की रचना की जिसमें सभी वर्गो को समाहित किया जिसके कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहा है उनका पूरा श्रेय बाबा साहेब को जाता है। आज जो माताएं, बहनें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है वह हमारे संविधान के कारण है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि एआईसीसी के आव्हान पर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ यात्रा निकाली गई। आज राष्ट्रविरोधी ताकते जिस प्रकार से षडयंत्र रचकर संविधान को बदलने की कोशिश कर रहे वह गलत है। आज हम संकल्पित है कि जो संविधान बचाने के लिए। संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है, संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, सभी के लिए न्याय और निष्पक्षता सुनिश्चित करता है, संविधान हमारे राष्ट्र को जोड़ने वाला सूत्र है। यह यात्रा हमारे संविधान के संस्थापकों की दूरदृष्टि को श्रद्धांजलि है और प्रस्तावना में निहित न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों की याद दिलाती है।

इस दौरान प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, पीसीसी महासचिव शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, मन्ना यादव, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, अशोक फडनवीस, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शकील रिजवी, रौशनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, शरद खंडेलवाल, पार्षद मधुकर वंजारी, सिद्धार्थ डोंगरे, सुनील रामटेके, मनीष गौतम, जितेन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

पहला कॉलम...

शा. आईटीआई में प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप कैम्प 20 को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 20 दिसम्बर 2024 को कैरियर-ट्री द्वारा सुजुकी मोटर गुजरात प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप कैम्प का आयोजन गया है। कैम्प में सभी शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2018 से 2024 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, आटोमोबाईल, ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रानिक्स, वायरमैन और शीटमेटल के केवल पुरूष उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो, वे अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड के मूल प्रमाण-पत्र एवं तीन छायाप्रति सेट तथा पांच पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

डॉ. मेजर हरिश ग्रोवर का निधन

राजनांदगांव (दावा)। प्रसिद्ध चिकित्सक रिटायर्ड मेजर डॉ. मेजर

हरिश ग्रोवर का आकस्मिक निधन आज दिनांक 09 दिसम्बर 2024 सोमवार को सुबह 10 बजे हो गया है वे राजनांदगांव शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों में से एक थे। इनके पुत्र जुबीन ग्रोवर जो कि ऑस्ट्रेलिया में डॉक्टर के पद पर पदस्थ है। दिनांक 10 दिसम्बर 2024 को उनके आने के बाद दोपहर 3 बजे डॉ. हरिश ग्रोवर की अंतिम यात्रा निज निवास बल्देवबाग से मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी। डॉ. हरिश ग्रोवर अपने पीछे पुत्री मेघना भाटिया एवं पुत्र डॉ. जुबीन ग्रोवर तथा राम ग्रोवर, अनिल ग्रोवर, जग्गी ग्रोवर, सिल्लू ग्रोवर के बड़े भाई व पत्नि वीना ग्रोवर सहित अपने नाती पोतों का हराभरा परिवार छोड़ गये।

श्रीमती गया देवी मिश्रा का निधन

राजनांदगांव (दावा)। पुरानी सिविल लाईन निवासी 92 वर्षीय

श्रीमती गयादेवी मिश्रा धर्मपत्नि स्व. पंडित रामरतन मिश्रा (भोड़िया वाले) का दिनांक 09 दिसंबर को देहावसान हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ्य थी। दिवंगत पुण्यात्मा अपने पीछे 05 पुत्र, 3 पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता उमेश मिश्रा, सुरेश, सर्वेश, राकेश मिश्रा (पूर्व निज सहायक सांसद) तथा गायत्री स्कूल के क्रीड़ा अधिकारी अखिलेश मिश्रा की माता थी। उनका अंतिम संस्कार दोपहर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

निरेन्द्र मोहनदास वैष्णव का निधन

खैरागढ़ (दावा)। राजपरिवार निवासी नीरेंद्र मोहन दास वैष्णव का 75 वर्ष की उम्र में सोमवार 9 दिसंबर को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार राजपरिवार के लालपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके एकलौते पुत्र शेखर दास वैष्णव (सानु) ने दी। वे अपने पिछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 3 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 11.30, 3.15 व 8 बजे रात्रि
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण समय का ध्यान रखें
पुष्पा 2
कलाकार - अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फाज़िल आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th Dec To 12th Dec 2024
Silver Screen

Pushpa The Rule 2 -
09:45am, 10:00am, 10:15am, 01:30pm, 01:45pm, 02:00pm, 05:15pm, 05:30pm, 05:45pm, 09:00pm, 09:15pm and 09:30pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

सायबर सेल सहित कोतवाली पुलिस ने नकली पेन-ड्राईव खपाने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, धर दबोचे गए चारों आरोपी

राजनांदगांव (दावा)। शहर की सिटी कोतवाली पुलिस व बसंतपुर थाने सहित सायबर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के चलते पैन ड्राईव के नाम पर हूबहू नकली पैन ड्राईव का प्लास्टिक का खाली खोखा धराने वाले ठग गिरोह को पकड़ लिया गया है।

इस संबंध में शहर में घटित हुई दो घटना की थाना कोतवाली एवं बसंतपुर पुलिस द्वारा पृथक-पृथक अपराध दर्ज की गई थी। दोनों पुलिस थाने व सायबर सेल के संयुक्त कार्रवाई के चलते पकड़ में आए चारो आरोपियो के पास से 957 नग नकली पेन ड्राईव एवं ठगी के 33 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त किए गए दो नग मोटर सायकल जप्त किया गया है। इसमें थाना कोतवाली द्वारा पकड़े आरोपियों में-सतेन्द्र सोलंकी पिता देवेन्द्र सोलंकी उम्र 27 वर्ष निवासी रामकृष्ण विहार कॉलोनी एटीबी के पीछे थाना नरौली, जिला मथुरा (उ0प्र0) तथा मनीष पाराशर पिता स्व0 सुदेशचंद्र पाराशर उम्र 31 वर्ष निवासी संत पौल्स केम्प एटीबी के पीछे महोली, थाना नरौली जिला मथुरा (उ0प्र0) है वहीं थाना बसंतपुर द्वारा पकड़े गए आरोपियों मे अजय पाराशर पिता स्व. शिवकुमार पारासर उम्र 29 वर्ष निवासी राधा नगर कुबेरपुर रमेश आटा चक्की के पास थाना कुबेरपुर जिला आगरा (उ.प्र.) व संजय पारागर पिता सुरेश चन्द्र पारागर उम्र 38 वर्ष निवासी राधा नगर कुबेरपुर रमेश आटा चक्की के पास थाना कुबेरपुर जिला आगरा उ.प्र बताया जाता है।

ठग गिरोह द्वारा दो- दो की टीम में बटकर दिया जाता था घटना को अंजाम

ज्यादा मुनाफा का झांसा देकर प्रार्थी से रूपये एडवांस लेकर नकली पेन ड्राईव देकर करते थे ठगी

लखोली में घटना को दिया गया अंजाम

कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ ने बताया कि प्रार्थी शिवकुमार वैष्णव पिता स्व0 शेष नारायण वैष्णव उम्र 72 वर्ष निवासी संजय नगर लखोली द्वारा गत 7 दिसंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज करीबन 10:40 बजे इसके श्रीराम हार्डवेयर दुकान राजीव नगर लखोली में एक व्यक्ति आया और अपना नाम सतेन्द्र सोलंकी बताकर अपना आधार कार्ड दिखाकर बोला कि मुझे आपके दुकान के सामने एक सप्ताह स्टाल लगाकर कंपनी के तरफ से पैन ड्राईव का डेमो दिखाना है, जिसका किराया 4500/- रूपये एवं 05 प्रतिशत आपको प्राफिट दूंगा कहा, और अपने बैग से किंगस्टोन कंपनी लिखा पैन ड्राईव निकाल कर दिखाने लगा। उसी समय एक व्यक्ति जो उसी का आदमी था वह मेरे दुकान में फे वीक्क ीक खरीदने आया, जो सतेन्द्र सोलंकी द्वारा दिखा रहे पैन ड्राईव को देखकर मुझे भी अपने दुकान के लिए 10 नग पैन ड्राईव खरीदना कहते हुए पैन ड्राईव का रेट पूछा, तो एक पैन ड्राईव का रेट 1400/- रूपये बताया। जिससे वह व्यक्ति सहमत होकर सतेन्द्र सोलंकी को 1000/- रूपये एडवॉस देकर बाकी राशि एक घंटे में लाकर देता हूं कहकर चला गया और अपना नाम मनीष पाराशर बताया। इस दौरान सतेन्द्र सोलकी द्वारा उसके आने तक मैं नहीं रूक पाउंगा आगे और काम है, मेरा पैन ड्राईव रखकर 11,000 रूपये दे दो, जब वह आयेगा तो प्रति पैन ड्राईव 200 रूपये अपना कमीशन रखकर पैन ड्राईव दे देना कहा तब प्रार्थी शिवकुमार वैष्णव 11 हजार रूपये आरोपी सतेन्द्र सोलंकी को दिया और किंगस्टोन कंपनी का 126 जीबी का 10 नग पैन ड्राईव को रख लिया।

प्रार्थी ने बताया कि सतेन्द्र सोलंकी द्वारा कहा गया कि यदि वह व्यक्ति नहीं आता है, तो मुझे पैन ड्राईव वापस लौटा देना और आपका 11 हजार रूपये वापस ले लेना कहकर चला गया। दोनों के द्वारा अपना अपना मोबाईल नंबर दिया था, काफी देर तक दोनों व्यक्ति नहीं आये और फोन करने पर फोन नहीं उठाये, तब पैनड्राईव को खोलकर देखा तो पैन ड्राईव प्लास्टिक का खाली खोखा था, उसके अंदर चीप नहीं था, तब उसे ठगी होने का एहसास हुआ । इस पर थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 752/24 धारा 318 (4), 61 (2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

बसंतपुर थाना क्षेत्र में हुई ठगी की घटना

इसी तरह बसंतपुर थाने में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 6 दिसंबर को तकरीबन 11:30 बजे एक व्यक्ति दुकान में आया जिसने अपना नाम मनोज गुप्ता बताया और आपके दुकान के सामने एक सप्ताह के लिए सेमसंग कंपनी का मोबाईल संबंधी सामान बेचने का स्टाल लगाना है कहा ,जिसके लिए 7000 रू. किराया एवं सामान विक्रय का 15 प्रतिशत कमीशन दूंगा बोला और प्रार्थी को 20 नग पेन ड्राईव दिखाकर प्रत्येक का कीमत 1500/- रू. है 20 नग लेने पर 1200/-रूपये पड़ जायेगा बोल रहा था तभी एक अन्य व्यक्ति वहा आया जो 500/- रू. का चिल्हर मांगा जिसने पेन ड्राइव देखकर तत्काल 20 नग पेन ड्राइव लेने के लिए तैयार हो गया तथा कोई उसका इंतजार कर रहा है बोलकर प्रार्थी से 20 नग पेन ड्राइव का पैसा 24 हजार रू. लेकर प्रार्थी को 4 हजार रू. का मुनाफा होगा कहकर चला गया। दूसरा व्यक्ति लेने के लिए तैयार था जिसे 1400/-रू. मे बिक्री करना था जो प्रार्थी को 2000/- रू. देकर शेष रकम लाने की बात कहकर चला गया। इस तरह दोनो मिलकर 22 हजार- रू. की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4)3(5) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

शहर के दो जगहों पर इस प्रकार की ठगी की घटना को देखते हुये पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु टीम रवाना किया गया। इस पर मुखबीर के सूचना पर चारो आरोपियों को घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी सतेन्द्र सोलंकी व मनीष पाराशर के पास से नगदी रकम 11 हजार रूपये, 107 नग पैन ड्राईव, दो नग मोबाईल एवं मोटर सायकल पल्सर व्ही.पी 85 सी.एफ.-6480 जप्त कर तथा उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया तथा अन्य आरोपी अजय पाराशर से नकली पेन ड्राइव 850 नग ट्राली सुटकेश सहित व ठगी की नगदी रकम 22 हजार रूपये, एक नंग मोबाईल एवं आरोपी संजय पाराशर से मोटर सायकल अपाचे160 यूपी -85-सी.क.-6984 तथा एक नग मोबाईल फोन जप्त कर किया गया। आरोपियो के द्वारा अपराध धारा सदर का घटित करना पाया जाने से उन्हें रविवार 8 दिसंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल कर दिया गया? है। इस कार्यवाही में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय पम्मार एवं सायबर सेल का स्टाफ, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय बरेठ एवं थाना स्टाफ तथा थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

युवा जनजागरण समिति के सदस्य बरी

गंडई (दावा)। 2018 में गंडई क्षेत्र के विकास के लिए क्रांतिकारी संगठन तैयार कर युवा जनजागरण समिति के सभी सदस्य नगर एवं क्षेत्र वासियों के जन सहयोग से एक बड़ा आंदोलन खड़ाकर क्षेत्र के विकास के भागीदार बने युवाओं को आज न्यायिक प्रक्रिया में न्याय मिला है। 5 साल बाद न्यायालय द्वारा सभी युवाओं को बरी करते हुवे न्याय दिए है इस लड़ाई में क्षेत्र के जाने माने अधिवक्ता हेमन्त वैष्णव, रमाकांत चौबे, अशोक श्रीवास का भरपूर सहयोग रहा। जिनका हृदय से धन्यवाद एवं इस जीत के लिए के लिए सभी को बधाई दी।

चाकू लहराने वाले आरोपियों से धारदार चाकू व मोटर सायकल किया गया जप्त

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने क्षेत्र के चाकूबाज आदतन आरोपियों को धर दबोचा है और उनके पास से धारदार चाकू सहित घटना में उपयोग किए जाने वाले मोटर साइकल को जब्त की है। पुलिस ने इस क्रम में न्यूज युट्युबर से मारपीट करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपियों द्वारा चाकूबाजी की घटना का न्यूज को अपलोड किया गया था।

घटना के संबंध में चिखली चौकी प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि सोमवार 9 दिसंबर को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 8 दिसंबर को तकरीबन 6:30 बजे वह चिखली पान ठेला के पास बैठा था कि उसी समय बाईक से शेख शहबाज उर्फ शिब्बू और उसका साथी अदनान कुरैशी आये और दोनो शराब के नशे मे वहां पर खड़े होकर अश्लील मां बहन की गली गुप्तार करने लगे जिसे गाली गुप्तार देने से मना किया तो दोनो तुम कौन होते हो मना करने वाला बोलकर दोनो एक राय होकर हाथ मुक्का से मारपीट किया एवं शिब्बू का दोस्त चाकू लहराकर उसे जान से मारने की धमकी देकर डरा रहा था। प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर धारा 296,115(2),351(2),3(5) भा.ना.सं. 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज कर मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में बदमाशो की पता तलाश मे लगातार क्षेत्र मे दबिश दी गई सतत् प्रयास से आरोपियो के गठूला नाला तरफ छिपने की पुख्ता सूचना पर घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया। इन आरोपियो में मोहम्मद अदनान कुरैशी पिता मोहम्मद अयुब कुरैशी उम्र 28 साल निवासी गौरीनगर रामदादा गली नं. 01, शेख शहबाज उर्फ शिब्बू पिता शेख परवेज उम्र 28 साल निवासी स्टेशनपारा वार्ड नं. 12 है। आरोपियों से घटना मे प्रयुक्त धारदार चाकू व लाल रंग के पल्सर मो.सा. क्रमांक सीजी 07 बीके 7092 को जप्त किया गया। श्री बंजारे ने बताया कि आरोपी आदतन बदमाश है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आंगत्रित निविदा, निविदा सूचना/सिस्टम क्र/दिनांक 10/161176/13-11-2024 (जी क्रमाक 242503833) की निविदा अपरिहार्य कारणो से एवं निविदा सूचना/सिस्टम क्रं./दिनांक 11/161178/13-11-2024 (जी क्रमांक 242503833) तथा 12/161179/13-11-2024 (जी क्रमांक 242503833) की निविदा एकल निविदा होने से निरस्त किया जाता है।

जी- 242504433/2

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
Email-nplalbahadur@gmail.com

क्रमांक/122/लो.नि.वि./न.पं./2024-25 लाल बहादुर नगर, दिनांक 06/12/2024

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में निम्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से ठेकेदारों/फर्म/ एजेंसी से मैनुअल निविदा आमंत्रित किया जाता है:-

क्रं.	कार्य का नाम	राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन व प्रदाय करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	अधोहसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सी.सी. रोड निर्माण, आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य सहित कुल-18 कार्य।	107.95	आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19/12/2024 शाम 04.00 बजे तक तथा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि 20/12/2024 शाम 04.00 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पंचायत लाल बहादुर नगर से प्राप्त की जा सकती है। तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/UADTender Uploader पर अवलोकन किया जा सकता है।

टीपः- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा, सूचना पटल / विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया जावेगा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, लाल बहादुर नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202412095300015
अ/74-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समेलाल पिता बिसरू जाति मरार निवासी ग्राम कन्हारगांव तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने माता पार्वती पति बिसरू जाति मरार का दिनांक 09.12.2022 को ग्राम कन्हारगांव में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने माता पार्वती पति बिसरू जाति मरार का दिनांक 09.12.2022 को ग्राम पंचायत कन्हारगांव में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 17/12/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)
धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम श्रीवास आ. संतराम श्रीवास जाति-नाई उम्र 21 वर्ष निवासी तेलगांन पोस्ट कोकपुर थाना-गैंदाटोला तहसील-छुरिया जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका नीतु भारद्वाज आ. तिलक भारद्वाज जाति-नाई उम्र 24 वर्ष निवासी मुरमाडी पोस्ट काकोडी तहसील व थाना-देवरी जिला-गोंदिया (महाराष्ट्र), (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 08/01/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते

जारी दिनांक 05/12/2024
पेशी तारीख 08/01/2025

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़

ईश्तहार

क्रं0//प्रवा0-3/अ0वि0अ0/2024

राजनांदगांव, दिनांक 04/12/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा बंधे पति पुरानिक दास बंधे, निवासी फरहद, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वास निज स्वामित्व की भूमि ग्राम फरहद, पटवारी हल्का नंबर 0029, खसरा नंबर 135/22. रकबा 0.0140 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा /नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 12/12/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I am Manish Kumar S/O Mangal Chand, resident of Gudakhu Line House No. 81/2, Ward No. 23, Main Road, Rajnandgaon (CG).I swear that I have changed my old name from Manish Kumar Jhabak to the new name Manish Kumar S/O Mangal Chand, which is also recorded in my Aadhar card.Therefore, from today I should be known and recognised by my new name Manish Kumar S/O Mangal Chand in all government, semi-government and other documents.

Manish Kumar
S/O Mangal Chand
Gudakhu Line House Number 81/2, Ward No. 23, Main Road Rajnandgaon (CG)

शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-3-6
168-5 170-8
राजधानी
4-7-9
370-0 166-3

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

डीओ कटते ही धान के उठाव में आई तेजी, कई उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान

बारिश होने के चलते कुछ खरीदी केंद्र रहे बंद, ढाबा, कुमर्दा आदि सोसायटी में नहीं हुई खरीदी

राजनांदगांव (दावा)। किसानों से समर्थन मूल्य में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद से समितियों में धान की बंपर आवक बनी हुई है। आलम यह है कि रोजाना उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से ढाई लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है, लेकिन उठाव सुस्त होने के कारण केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित है। इसे लेकर सहकारी समिति प्रबंधकों द्वारा सोमवार 9 दिसंबर को खरीदी बंद करने की चेतावनी दी गई थी। लेकिन धान के उठाव के लिए डीओ कटने के बाद सोमवार को छिट-पुट रुप से धान का उठाव शुरू किए जाने से ज्यादातर केंद्रो में खरीदी बंद नहीं हो पाई।

लेकिन सुबह के समय मौसम की खराबी के चलते बारिश होने के कारण कई केंद्रो में खरीदी प्रभावित हुआ। शहर के नजदीक की ढाबा सोसायटी व डोंगरगांव क्षेत्र के कुमर्दा आदि के 4-5 केंद्र बंद रहे। ढाबा सोसायटी में तो धान बेचने आए किसान द्वारा धान बोरा खोले जाते समय ही बारिश हो गई। धान भीग न जाए इसलिए तत्काल उसे समेटा गया। बारिश होने के कारण जमीन में नमी आ गई थी। इसलिए दिन भर धान खरीदी का कार्य बंद रहा।



खरीदी बंद की दी गई थी चेतावनी

जिला सहकारी प्रबंधक समिति एवं कर्मचारी संघ के संयुक्त अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि चूंकि अधिकतर केंद्रो में जाम धान जाम का उठाव नहीं होने के कारण खरीदी के लिए जगह ही नहीं थी, इसलिए प्रशासन को सोमवार को धान नहीं खरीदी, किए जाने की चेतावनी दें दी गई थी। इससे प्रशासन तुरंत हरकत में आकर 8-10 जगहों के लिए कल ही डीओ जारी कर दिया गया। रविवार अवकाश होने के कारण इसमें देरी हुई। सोमवार की सुबह डीओ हाथ लगते ही धान उठाव के लिए गाड़ियां लगनी शुरू हुई। और जाम केंद्रो से धान का उठाव शुरू हुआ।

बता दें कि समितियों से धान का उठाव सुनिश्चित कराने के लिए मिल मालिकों से अनुबंध कर लिया गया है, लेकिन अभी तक धान का उठाव नहीं किया जा रहा था। अधिकारियों की मानें तो 80 से अधिक मिल मालिकों से अनुबंध हो चुका है। जिनसे सोमवार 9 दिसंबर से धान का उठाव कराया जाएगा। सहकारी प्रबंधक समिति एवं कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष किशन देवांगन ने बताया कि उक्तानुसार सोमवार को केंद्रों में एक- एक, दो-दो गाड़ियां लगी थी। सोमनी क्षेत्र में भी गाड़ियां लगी थी। इससे उठाव में तेजी आने की संभावना बढ़ गई है।

धान उठाव में आएगी तेजी

बताते चलें कि पिछले वर्ष जिले के 85 राइस मिलों ने कस्टम मिलिंद के लिए पंजीयन कराया था। इस बार खरीदी शुरू होने के 20 दिन बाद इसमें से आधे ने पंजीयन तो क्या लिए है लेकिन किसी ने भी न तो अनुबंध कराया है और न बैंक गारंटी जमा की है। इस कारण परिवहन केवल संग्रहण केंद्रों में ही कराया जा रहा है। जब शासन स्तर पर दो बड़ी बैठकों के बाद मिलों को आश्वासन मिला है कि उनकी कुछ मांगे पूरी कर दी जाएगी, तब कहीं जाकर अनुबंध व बैंक गारटू जमा करने तैयार हुए। सोमवार से इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज मंगलवार से मिलर्स धान का उठाव शुरू कर सकते हैं। मिलरों द्वारा धान का उठाव शुरू होने से खरीदी केन्द्रों के प्रबंधकों सहित किसानों को काफी राहत मिलेगी।

धान उठाव पर एक नजर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से मिली जानकारी के अनुसार 9 दिसंबर को पानी/बारिश के विपरीत हालत में भी राजनांदगांव जिले में 49540 किसानों से 2494265 - 60 क्विंटल धान खरीदा गया वहीं परिवहन कर 140802-80 क्विंटल धान का उठाव किया गया। इसी तरह के सी सी जिले में 25879 किसानों से 1390342.00 क्विंटल धान की खरीदी की गई और उठाव 147740.00 क्विंटल धान का किया गया। एम.एम.सी जिले में 143188 किसानों से कुल 697340/- क्विंटल धान की खरीदी की गई वहीं 26260/- क्विंटल धान का परिवहन किया गया।

मंच निर्माण करने किया भूमिपूजनः विकास में नहीं आएगी कमी - राजेश श्यामकर

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खैरझिटी में मंच निर्माण के लिए जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने भूमिपूजन किया। युवा नेता तिलेश्वर सिन्हा ने जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर से हाई स्कूल में मंच निर्माण करने राशि की मांग की थी। जिस पर जिला पंचायत सदस्य ने जिपं. फिफ्टीन फाइनेंस से दो लाख रूपये एवं सांसद निधि से दो लाख रूपये चार लाख रूपये की लागत से मंच निर्माण किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन जिपं. सदस्य राजेश श्यामकर ने किया। जिसके लिए युवा नेता तिलेश्वर सिन्हा ने राजेश श्यामकर व सांसद पाण्डेय का आभार व्यक्त किया है। जिपं. सदस्य राजेश श्यामकर ने कहा की विकास कार्य में कोई कमी नहीं आएगी भाजपा सरकार विकास कराने का काम कर रही है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ इंदुमती मिश्रा, सरपंच सावित्री देवांगन, प्रभारी प्राचार्या याशमीन अंजुम, युवा नेता तिलेश्वर सिन्हा, हेमंत मेश्राम, जगतराम देवांगन, झामीन बघेल, राधेलाल साहू, व्याख्याता पुष्पा मेश्राम, चुम्मन वर्मा, विनीत रंजन, अनिल सोनी, भाविका रामटेके, पुराण सिन्हा, सिरमत साहू, रमेश सिन्हा, कमला देवदास, रोहित देवदास सहित छात्र-छात्राएं एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी आज अपने कार्य से अनुपस्थित

राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों को मूलभूत सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा ऐजेन्सी के माध्यम से प्लेसमेंट कर्मचारी रखा गया है। विभागों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी आज सामुहिक रूप से अपने कार्य में अनुपस्थित रहे। जिससे मूलभूत सुविधा प्रभावित होने पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने प्लेसमेंट एजेंसी को 24 घंटे के अंदर जवाब प्रस्तुत कर कर्मचारी उपलब्ध कराने नोटिस जारी किया है।

० अति आवश्यक सेवा बिजली, पानी, सफाई कार्य में बाधा पर आयुक्त ने एजेंसी को सूचित कर नोटिस थमाई

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आवश्यक सेवा बाधित होने पर प्लेसमेंट एजेंसी जय अम्बे महिला स्व-सहायता समूह, वैभव कोचर, बाम्बे सफाई कामगार समिति, सी.जी. सिक्युरिटी, सरस्वति महिला स्व सहायता समूह राजनांदगांव एवं पंक्ति इंटर प्राईजेजस जगदलपुर को नोटिस देकर कहा कि निगम सीमाक्षेत्र में नागरिकों को मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई तथा निर्माण व अन्य कार्य के लिये प्लेसमेंट के माध्यम से कर्मचारी रखने प्रक्रिया कर आपके ऐजेन्सी को कार्य सौपा गया है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आपके ऐजेन्सी के प्लेमेंट कर्मचारी आज सामुहिक रूप से अपने कार्य में अनुपस्थित पाये गये जिससे बिजली,पानी सफाई जैसी महत्वपूर्ण सेवा प्रभावित हुई। इस संबंध में आपके द्वारा किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गयी, जो अनुबंध की शर्तें का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अनुबंध के अनुसार श्रमिकों को अनुशासन में कार्य करना व किसी कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासन हीनता का संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा शिकायत या सूचित करने पर उसे 24 घंटे के अंदर हटाकर अन्य कर्मचारी नियुक्त करना होता है।

आयुक्त ने नोटिस में कहा कि आपके ऐजेन्सी के प्लेसमेंट कर्मचारी के अनुपस्थित रहने पर अति आवश्यक सेवा प्रभावित हुई, जिसके लिये आपको सूचित कर नोटिस दिया जा रहा है, कि अनुबंध में उल्लेखित शर्तो के अनुसार अनुपस्थित प्लेसमेंट कर्मचारियों के स्थान पर अन्य कर्मचारी तत्काल उपलब्ध कराया जा कर समक्ष में पालन प्रतिवेदन 24 घंटे के अंदर प्रस्तुत करे। अन्यथा की स्थिति में अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

धान उपार्जन केन्द्रों में अव्यवस्था को लेकर आज कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने जिले के विभिन्न सोसाइटियों का दौरा करके कई प्रकार की खामियां पाई है। इसकी रिपोर्ट पार्टी आला कमान को देने के बाद जिले के ब्लॉक मुख्यलियों में धरना प्रदर्शन आंदोलन समितियां में व्याप्त अवस्था दुर्व्यवहार के खिलाफ किया जाएगा। पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और किसानों से आग्रह किया है कि वह इस आंदोलन में ऐसा जोश दिखाएं की व्यवस्था सुधारने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार को होश आ जाए।

श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश के किसान भाईयों को धान बेचने हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध व किसान भाईयों के हित में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी ब्लॉक मुख्यलायों में धरना/प्रदर्शन कर सक्षम अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे जाने का निर्णय लिया है। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने धान खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्था व किसानों को हो रही परेशानियों से अवगत हुए हैं। धरना/प्रदर्शन के माध्यम से खरीदी केन्द्र भ्रमण के दौरान पाये गये प्रशासनिक अव्यवस्था जैसे- बारदाने कमी, टोकन की अव्यवहारिक व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक तराजू में तौलाई में किसान भाईयों का प्रति बोरा 1.5 से 2.5 किलोग्राम का नुकसान होने, सोसायटी में धान उठाव की समुचित व्यवस्था नही होने से आवक धान के लिए जगह का अभाव, चुनावी संकल्प पत्र में किये गये वायदे अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी नही होना, धान का मूल्य प्रति क्विंटल 3100 रू. एकमुश्त दिये जाने साथ ही, केन्द्र सरकार द्वारा धान के

० भागवत साहू ने पार्टीजनों व किसने से किया आह्वान ऐसा दिखाएं जोश सरकार को आ जाए होश

समर्थन मूल्य में की गयी 117 रू. प्रति क्विंटल को मिलाकर कुल 3217रू. प्रति क्विंटल की मांग, बीज उत्पादक किसानों से धान खरीदे जाने सहित किसान हित के विभिन्न मुद्दों को मीडिया के माध्यम से आमजनता को अवगत कराते हुए उक्त अव्यवस्थाओं के निराकण के लिए राज्य की भाजपा सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाना है। उन्होंने 10 दिसम्बर 2024 को किसान भाईयों के हित में समस्त ब्लाक मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना/ प्रदर्शन आयोजित करते हुए स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद/ पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक/ पूर्व प्रत्याशी/पूर्व विधायकों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन /प्रकोष्ठ/विभाग के जिला/ ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगरीय निकाय/त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं स्थानीय किसान भाईयों को सूचित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित कर आंदोलन को सफल बनावे तथा कार्यक्रम पश्चात विस्तृत प्रतिवेदन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा।

विकास कार्यो के लिए नवगठित नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के लिए 1.36 करोड़ मंजूर

नगरीय प्रशासन विभाग ने 19 कार्यों के लिए स्वीकृत की अनुदान राशि

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने चार महीने पहले गठित राजनांदगांव जिले के लाल बहादुर नगर नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 35 लाख 95 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने अधोसंरचना विकास के 19 कार्यों के लिए राशि मंजूरी का आदेश जारी किया है। इनमें लाल बहादुर नगर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण के 12, आरसीसी नाली निर्माण के चार, आरसीसी पुलिया निर्माण के दो और कार्यालय भवन मरम्मत का एक कार्य शामिल है।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद में राज्य के प्रत्येक नगर पंचायत को डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की थी। इसके अनुपालन में विभाग द्वारा लाल बहादुर नगर नगर पंचायत के लिए करीब एक करोड़ 36 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा है कि हर नगरीय निकाय को उसकी जरूरत एवं मांग के अनुरूप विकास कार्यों और जन सुविधाएं विकसित करने के लिए राशि प्रदान की जा रही है।

नगरीय प्रशासन विभाग ने लाल बहादुर नगर नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद से एक करोड़ 35 लाख 95 हजार रुपए का यह अनुदान स्वीकृत किया है। विभाग ने सीसी रोड निर्माण के 12 कार्यों के लिए 87 लाख 44 हजार रुपए और आरसीसी नाली निर्माण के चार कार्यों के लिए 17 लाख 30 हजार रुपए मंजूर किए हैं। आरसीसी पुलिया निर्माण के दो कार्यों के लिए तीन लाख 21 हजार रुपए तथा कार्यालय मरम्मत के लिए 28 लाख रुपए की भी स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई है।

मो. इरफान शेख जलाल बाग में चादर पोशी कर संभाली अध्यक्ष की जिम्मेदारी

सभी धर्म के मानने वालों के लिए श्रद्धा का केंद्र है जलाल बाग

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की तासीर ही ऐसी है कि यहां सभी धर्म के लोग एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हुए परस्पर धार्मिक स्थलों के प्रति श्रद्धा रखते हैं। शहर के पारींनाला स्थित जलालबाग उन्हीं धर्मस्थलीयों में खास है। जिसके प्रति सभी धर्म के लोग भारी अकीदत या श्रद्धा रखते हैं। कई विशिष्ट व्यक्ति भी यहां चादर पोशी करने आते हैं और सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह से आशीर्वाद लेकर खुशी-खुशी घर लौटते हैं। इस दरगाह और यतीम खाना के नए कार्यवाहक सदर के रूप में छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी मो. इरफान शेख को नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति के बाद जनाब शेख ने

इस नियुक्ति को सैयद साहब का आदेश हुकुम मानते हुए अपनी नई जिम्मेदारी दरगाह में चादर चढ़ाकर संभाल ली है। उनकी कार्यवाहक मुतवल्ली के रूप में इस नियुक्ति से इरफान समर्थकों में भारी खुशी का माहौल है। आस्ताना ऐ हजरत बाबा जलालउद्दीन शाह र.अ. परिनाला में व बोर्ड द्वारा चुने गए कार्यवाहक सदर जनाब मोहम्मद इरफान शेख ने अपने सभी करीबियों के साथ उपस्थित होकर बाबा के आस्ताने में चादर पेश की। तत्पश्चात अपने नवीन दायित्व का आगाज किया।

इसी कड़ी में जमातियों ने उन्हें दस्तार बंदी कर कार्यभार सौंपा एवं मुबारकबाद पेश की। जिसमें विशेष रूप से जनाब अक्कू भाई, मतीन भाई, हाजी शमीम बड़गुजर भाई, सिराज भाई, अयूब भाई, हाजी सरीफ भाई, हाजी राजा भाई, फिरोज भाई, नईम भाई, यासीन भाई, हाजी फिरोज गोरी भाई, जुनैद बड़गुजर भाई, अफजल खान, अहमद रजा भाई, जहीर अब्बास भाई, असलम भाई, हैरी जोसेफ, वसीम भाई, रफीक खान, तबरेज खान, बाबू गोरी, राहुल भोईर, रामेश्वर यादव, हेमंत राजपूत भाई, शुभम चौहान, रिजवान बड़गुजर, नदीम बड़गुजर, भुरू बड़गुजर आदि शामिल हुए।

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल में बैठे नगर निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी

अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे कर्मचारियों का ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे बैठकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।

प्लेसमेंट कर्मचारियों के अपनी 3 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अंतर्गत कुल 184 नगरीय निकायों (नगर निगम 14 नगर पालिका 50 व नगर पंचायत 120) विगत 15-20 वर्षों से कार्यरत लगभग 2000 प्लेसमेंट / आउटसोर्सिंग/ ठेका कर्मबारी (उच्च कुशल/कुशल/ अर्द्धकुशल/ अकुशल) का.छ.ग.स्तर का संगठन है। संगठन के समस्त कर्मचारी निकायों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समकक्ष कार्यों का निर्वहन करते हैं और अपने कर्मचारियों के हितार्थ अपनी मांग को लेकर विगत वर्षों से निरंतर सघर्षरत है। जिसके द्वारा सोमवार 9 दिसंबर से पूरे छत्तीसगढ़ सहित शहर में भी तीन सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। प्लेसमेंट कर्मचारियों की इन मांगों में सर्वप्रथम नगरीय निकायों से ठेका प्रथा समाप्त कर निकाय में समायोजन करते हुये शासन के अन्य विभाग जैसे-(जल संसाधन, पी.डब्लू.डी. पी.एच.ई, वन विभाग व स्वास्थ्य विभाग) आदि के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किए जाने एवं केन्द्र में लागू न्यूनतम मजदूरी दर पर उन्हें सम्मान जनक वेतन भुगतान किया जाने तथा हड़ताल अवधि में किसी भी प्लेसमेंट कर्मचारी को कार्य से पृथक न किए जाने की मांग प्रमुख है। शहर में सोमवार से जारी कर्मचारियों की इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के संबंध में कहा गया है कि इस अवधि में छ.ग. के समस्त नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधा जैस सफाई कार्य, जल कार्य, विद्युत कार्य, कार्यालयीन कार्य, लोक सेवा कार्य सब बंद रहेगें।

रेल्वे ने माल से 158.19 करोड़, एटिकट ब्रिक्री से 24.46 करोड़ तथा गैर किराया राजस्व से 35.14 लाख की आय अर्जित

राजनांदगांव (दावा)। श्रीमती नमिता त्रिपाठी मण्डल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के नेतृत्व में मण्डल द्वारा नवम्बर माह में माल लदान के अंतर्गत 1.85 मिलियन टन माल ढुलाई से रु.158.19 करोड़ अर्जित किया गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत तथा भाड़ा में 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। टिकट चेकिंग क्षेत्र में नवम्बर माह में दिलीप सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के दिशा निर्देशानुसार में अधिकारियों व टिकट चेकिंग कर्मियों द्वारा विभिन्न गाड़ियों तथा रेल्वे स्टेशनों में टिकट चेकिंग स्टाफके सहयोग से चलाये गए टिकट जांच अभियानों के अंतर्गत बिना टिकट/अनियमित यात्रा तथा बिना माल बुक किए गए लगेज के 19834 मामलें दर्ज कर कुल रु. 72 लाख वसूले गए, जिसमें धूम्रपान के 65 मामलों से रु. 13,000 वहीं रेल परिसर में गंदगी फैलाने वाले कुल 578 यात्रियों से वसूले गए दंड स्वरूप रु.58,100 शामिल है।

यात्री यातायात के तहत माह नवम्बर में कुल टिकट 2.07 मिलियन ब्रिक्री से रु.24.46 करोड़ अर्जित की गई, जबकि पार्किंग से 2.81 लाख व खान-पान से 11.36 लाख वसूले गए। इसके अलावा पार्सल लदान के अंतर्गत 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक 1503 टन पार्सल लोडिंग से रु.38.61 लाख की आय हुई। वहीं नवम्बर माह में गैर किराया राजस्व (नॉन फेयर रेवेन्यू) क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के फलस्वरूप रु.35.14 लाख रु. की आय हुई जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक है जबकि मुख्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य से 30 प्रतिशत अधिक है। इस माह मोबाइल यूटीएस एप के माध्यम से टिकट क्रय से 1.15 करोड़ रु.आय हुई। पिछले वर्ष इसी अवधि में आय 40 लाख रु था जो लगातार मोबाइल एप की उपयोगिता में बढोत्तरी दर्शाती है। दिलीप सिंह वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक ने रेल यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान रेल नियमों का पालन कर उचित टिकट लेकर यात्रा करें। घर बैठे आसानी से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट (एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस ऐप का उपयोग कर काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से बचे तथा अपनी यात्रा को सुगम बनाएं।

हर हर सुंदरम, घर-घर सुंदरम अभियान का खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के सहसचिव यश खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के धर्म परायण सेवाभावी अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल के नेतृत्व में एक अभियान 'हर हर सुंदरम-घर घर सुंदरम' का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान में नगर में रहने वाले समस्त खंडेलवाल स्वजातीय बन्धुओं के प्रतिष्ठान-घरों में श्री श्री 1008 समाज कुलभूषण संत शिरोमणि श्री सुंदरदास महाराज की फोटो प्रतिस्थापित की जा रही है प्रत्येक घर में संत श्री की फोटो हो व एकरूप फोटो से समाज के प्रत्येक जनों में सामाजिक एकता का भाव जागृत हो यही युवा संगठन का मुख्य उद्देश्य व हमारी भावना है इस अभियान का शुभारंभ संस्कारधानी राजनांदगांव खंडेलवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल के निवास स्थान रामाधीन मार्ग से खंडेलवाल

समाज कुलभूषण श्री श्री 1008 संत शिरोमणि सुंदरदास महाराज का पूजन अर्चन करते हुए दिनांक 5 दिसंबर रात्रि 8:00 बजे से किया गया। इस अवसर पर खंडेलवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मार्गदर्शक श्याम खंडेलवाल, अरुण खंडेलवाल, खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के ऊर्जावान कर्मठ अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, प्रतीक खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल, सहसचिव यश खंडेलवाल सांस्कृतिक प्रभारी आकाश खंडेलवाल एवं मीडिया प्रभारी राम दुसाद व समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में समाज कुलभूषण श्री श्री 1008 संत शिरोमणि सुंदरदास जी महाराज की जय घोष करते हुए हर-हर सुंदरम घर घर सुंदरम अभियान का शुभारंभ किया गया।

खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल ने बताया कि हर हर सुंदरम घर-घर सुंदरम का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक छोटे-छोटे नन्हे बच्चों एवं परिवार जनों तक खंडेलवाल समाज कुलभूषण श्री श्री 1008 संत शिरोमणि सुंदरदास महाराज का चित्र घर-घर व प्रतिष्ठान में हो तो एकता का भाव जागृत हो यही भावना है। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के प्रचार प्रभारी राम खंडेलवाल ने दी।

कृषक खेत पाठशाला का शुभारंभ

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के डौण्डीलोहारा के ग्राम बहेराभांठा में कृषक खेत पाठशाला का शुभारंभ किया गया।

कृषक खेत पाठशाला का उद्देश्य कृषकों को सीधे फसल उत्पादन एवं फसल सुरक्षा की उन्नत विधियों तकनीक का कौशल प्रशिक्षण एवं अभ्यास के माध्यम से अवगत कराना है।

अनमोल दावा

"जो होने वाला है वह होकर ही रहता है, और जो नहीं होने वाला, वह कभी नहीं होगा, ऐसा निश्चय जिनकी बुद्धि में होता है, उन्हें चिंता कभी नहीं सताती है।

रेवड़ी संस्कृति पर चिंतन का समय विकास कार्यों पर लग रहा ब्रेक

इस प्रकार से राजनीकि दल सरकार के खर्चे पर मतदाताओं को मुफ्त उपहार दे रहे हैं। यानी लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए एक प्रकार से रिश्वत दे रहे हैं। ऐसा करना राज्यों की आर्थिक स्थिति के लिहाज से भी उचित नहीं है। मतदाताओं को मुफ्त में सुविधाएं या उपहार देने से अंततः सरकारी खजाने पर असर पड़ता है।

महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति और झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व वाली गठबंधन की सरकारें अस्तित्व में आ गई हैं। अब बारी विधानसभा चुनाव के दौरान अपने-अपने राज्यों के मतदाताओं से किए गए मुफ्त के वादों को लागू करने की है। लाडकी बहिन योजना, मंइयां सम्मान योजना, किसानों की कर्ज माफी, मुफ्त बिजली, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मुफ्त गैस सिलेंडर जैसे चुनावी वादे महाराष्ट्र और झारखंड में इन दिनों गूंज रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इनके लागू होने से दोनों राज्यों की आर्थिकी बिगड़ सकती है। देश में मुफ्त की घोषणाओं या रेवड़ियों की परिभाषा भले ही तय न की जा सकी हो, लेकिन ऐसे कदमों से राज्यों की माली हालत पर असर पड़ता ही है। मध्य प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में यह देखा जा चुका है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन की ओर से 21 से 65 वर्ष की आयु की सभी महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ता देने का एलान किया गया है। महाराष्ट्र में इसे मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना की तर्ज पर शुरू किया गया था। इस स्कीम ने मध्य प्रदेश में भाजपा को चुनावी फायदा तो दिया, लेकिन ऐसे चुनावी वादों का नतीजा यह हुआ कि पिछले वित्त वर्ष में राज्य सरकार को जमकर उधार लेना पड़ा। परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश का कुल कर्ज चार लाख 18 हजार करोड़ रुपये पर पहुंच गया।इस साल भी उसे 94,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज लेना पड़ सकता है। महाराष्ट्र का हाल यह है कि चालू वित्त वर्ष के लिए महिला एवं बाल कल्याण विभाग की योजनाओं में जहां 4,677 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था, वहीं केवल लाडकी बहिन योजना पर सालाना 46,000 करोड़ रुपये खर्च होने हैं, वह भी 1500 रुपये महीने के आधार पर।चालू वित्त वर्ष में उसका राजकोषीय घाटा उसकी जीएसडीपी का 2.6 प्रतिशत यानी दो लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में लगभग 46,000 करोड़ रुपये तमाम सब्सिडी के तहत आवंटित हुए थे। इस साल के बजट में शिंदे सरकार ने लोकलुभावन योजनाओं के लिए करीब 96,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया था। निश्चित रूप से अब नए चुनावी वादों का बोझ महाराष्ट्र के बजट पर पड़ेगा। इससे उसके पूंजीगत खर्च पर आंच आ सकती है, जो पिछले साल से पहले ही कम हो चुका है।झारखंड की बात करें तो वहां चालू वित्त वर्ष के लिए 1.28 लाख करोड़ रुपये का जो बजट पारित किया गया था, उसमें पहले ही कृषि कर्ज माफी की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये की जा चुकी है। इस वित्त वर्ष में उसका राजकोषीय घाटा राज्य की जीएसडीपी के 2.02 प्रतिशत रहने का अनुमान है।खनन से होने वाली आमदनी के सहारे झारखंड वित्त वर्ष 2016-17 से राजस्व अधिशेष की स्थिति में है, लेकिन मंइयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये से लेकर 2,500 रुपये महीने तक देने के वादे को पूरा करने की स्थिति में झारखंड का राजस्व अधिशेष का दर्जा खतरे में पड़ सकता है।जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में भी अगर इसी प्रकार से राजनीतिक दलों द्वारा रेवड़ियां बढ़ती रहीं, तो इन राज्यों में भी आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकते हैं।

लोकलुभावन खर्च, सब्सिडी, मुफ्त की सुविधाएं तथा लगातार बढ़ते वेतन और पेंशन बिलों के कारण राज्यों को विकास के कार्यों के लिए कोई धन नहीं बच रहा है।सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों के लिए घोषणा पत्र जारी करने के लिए एक निश्चित गाइडलाइन तय की है, लेकिन इसका उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। दरअसल देश में ऐसा कोई कानून नहीं है जिससे घोषणा पत्रों में की जाने वाली घोषणाओं को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि अभी सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ राजनीतिक दलों द्वारा वितरित मुफ्त उपहारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए दायर याचिकाओं की सुनवाई कर रहा है। न्यायालय को जल्द ही इस मामले की सुनवाई पूरी कर इस बढ़ती बीमारी का इलाज करना चाहिए। अब इस रेवड़ी संस्कृति पर गंभीरता से चिंतन करने का वक्त आ गया है।

अमर रहेगा वीरनारायण सिंह का बलिदान

मदन मंडावी

छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत देश के मध्य प्रांत की धरा विरासत, रियासत, सियासत की रही है। मुगलों से लेकर ब्रिटिश शासन काल तक इस वीरता की धरा ने विदेशियों को खदेड़ते हुए, ईंट का जवाब पत्थर से देने में कामयाब हुआ हैं। इतिहास सदैव वर्तमान का बाप होता है जब अपना खुद का पता ना हो तो बाप की ओर जाना पड़ता है। 36``गढ़ किल्लों से बना छत्तीसगढ़ भी स्वतंत्रता संग्राम में अपनी अहम भूमिका रखता है। इस ``धान के कटोरा'' कहे जाने वाले भू- भाग पर छत्तीसगढ़ के पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह बिंझवार गोंड का जन्म 1795 में सोनाखान (बलौदाबाजार) के एक जमींदार परिवार में हुआ था। पिता का नाम रामराय और माता सिंगारानी थी।

सोनाखान रियासत जो आज छत्तीसगढ़ में स्थित है जो गोंडवाना के 52 गढ़ों में एक लाफ़ागढ़ के अंतर्गत आती थी। रतनपुर और सोनाखान मंडला गोंड राजाओं के महत्वपूर्ण गढ़ थे। सोनाखान का प्राचीन नाम सिंधगढ़ जो अपनी समृद्धि और वैभव संपदा के लिए काफी मशहूर था।

महाराज संग्राम शाह के ही संबंधी विरसैया ठाकुर वहां के राजा थे जो कल्चुरियों को हराकर गोंडवाना की सत्ता स्थापित किए थे। विरसैया के बेटे रामराय और रामराय के बेटे वीर नारायण सिंह थे।

सन 1818 में जब भोंसले शासकों और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच संधि हुई तो अंग्रेजों ने राजा रामराय से कर वसूलना चाहा जो उस रियासत की परंपरा के अनुरूप नहीं था क्योंकि गोंड शासको ने कभी किसी को कर नहीं दिया था। सन 1819 में सोना खान की जमींदार रामराय अंग्रेजों के विरुद्ध हो गए और अंग्रेजों के लिए मुसीबत बन पड़ा। किंतु वृद्धावस्था और कमजोर सैनिक बल के कारण लंबे समय तक मुकाबला नहीं कर सके। अंग्रेजों से पराजय हुई जमीन और बड़ी संपत्ति छीन लिए गए।

अंग्रेज कैप्टन मैक्सन से कोइंतूर जमींदार रामराय यह शर्त भी स्वीकार कर लिया था कि आज के बाद अंग्रेजों से विद्रोह नहीं करेंगे।

पिता रामराय की मृत्यु के पश्चात सोनाखान रियासत की जिम्मेदारी बेटे वीर नारायण सिंह को मिली। सन 1830 में 35 वर्ष की आयु में उन्होंने सोनाखान की जमींदारी की बागडोर संभाली। एक कुशल सुशासक प्रजा हितकारी होने के कारण जल्द ही अपने क्षेत्रों में बहुत प्रसिद्ध हो गए थे। उनके दिल में अंग्रेजों के प्रति काफी नफरत पैदा हो गई थी क्योंकि उसने अपने पिता को मजबूरी में पराजय स्वीकारते देखा था।

आज ''बलिदान दिवस पर विशेष''

वे बचपन से ही खेलकूद तीरंदाजी, तलवारबाजी, बंदूक, घुड़सवारी और तैराकी में रुचि रखते थे। न्यायप्रिय, कर्मठ वीरनारायण सिंह छोटे से छोटे कृषक, मजदूर वर्ग के सुख-दुख में शामिल हो जाते थे। वे क्षेत्र में गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते थे। 1856 में अकाल पड़ने पर उन्होंने लालची अंग्रेज समर्थक व्यापारी के गोदाम पर अपने सैनिकों के साथ हमला किया और अनाज को सभी जरूरतमंद गरीबों में बांट दिया ।इस बात को लेकर अंग्रेज बहुत क्रोधित हो गए और एक व्यापारी के अनाज लूटने के आरोप में अंग्रेज हुक्मरानों ने उन्हें षडयंत्र पूर्वक गिरफ्तार कर लिया। अंग्रेज उनसे काफी भयभीत रहते थे। वीरनारायण सिंह को न्यायालय में पेश कर उन्हें फांसी की सजा सुनाया गया। जेल परिसर में उन्हें 6 दिनों तक फांसी पर लटकाए रखा फिर भी अंग्रेजों का जी नहीं भरा तो सातवें दिन 10 दिसंबर 1857 को रायपुर जय स्तंभ चौक में तोप से उड़ा दिया गया।

आज भी उनके वंशज सोनाखान (बलौदाबाजार) में निवास करते हैं। वीरनारायण सिंह के सम्मान में भारत सरकार ने सन 1987 में 60 पैसे का डाक टिकट जारी किया था। उनके नाम से आज शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम रायपुर में है।

एक विचार जो लोगों के जहन में आता है कि, छत्तीसगढ़ का प्रथम शहीद ठाकुर गैंदसिंह या वीर नारायण सिंह इस विषय पर जानकारी मिलता है कि परलकोट (बस्तर) की जमींदार गैंदसिंह हल्बा था। परलकोट विद्रोह 1824 में हुआ था और इसका नेतृत्व जमींदार गैंदसिंह ने किया था। इनका विद्रोह अंग्रेज और मराठों की जंगल विरोधी नीतियों से था ब्रिटिश प्रशासक मिस्टर एग्न्यू ने अपने सैन्य बल के साथ 10 फरवरी 1825 को परलकोट को घेर कर गैंदसिंह ठाकुर को बंदी बना लिया और 20 जनवरी 1825 को परलकोट में उन्हें फांसी दे दी गई, और इसी के साथ परलकोट विद्रोह हमेशा के लिए दमन कर दिया गया। गैंदसिंह के शहीद होने के बाद यह युद्ध पूर्ण रूप से विराम ले चुका था।

लोग देश कैसे आजाद हुआ पढ़ते हैं गुलाम कैसे हुए नहीं पढ़ते।'' गुलाम होने का प्रमुख कारण यह था कि, कुछ राजा, महाराजा, जमींदार अंग्रेजों के पक्षधर थे या तो वे गुलाम हो गए थे। तो वही वतन प्रेमी, देशभक्त राजा, जमींदार अंग्रेजों की बम - बारूद, बंदूक, तोप से लड़ रहे थे। यही वजह रही कि देश को आजाद होने में 200 वर्ष लग गए। छत्तीसगढ़ प्रांत में राजनीतिक चेतना प्रारंभ करने का श्रेय जनजातियों को जाता है जनजाति नायकों ने ही अपनी कुशल नेतृत्व से छत्तीसगढ़ के लोगों को क्रांति के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मध्य भारत के आदिवासियों ने देश की आजादी में अपना सर्वस्व योगदान दिया ।

ढारा, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़, मो.-7693917210

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 337 : श्री राम ने आर्य सुमंत को अयोध्या प्रस्थान के लिए कहा, सुमंत हुए जड़वत

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

निषाद राज ने पूछा, ''हे श्री राम! आपने वन का जीवनपथ चुना है। मान लिया कि यह उचित है तो भी ऐसे अपरंपरागत रूप धारण करना और सिर पर जटाएं रखने का क्या औचित्य है?''

श्री राम ने गंभीरता पूर्वक उत्तर दिया, ''मित्र! ये वस्त्र और ये जटाएं केवल प्रतीकात्मक नहीं हैं। सिर के ब्रह्मरंध्र भाग के ऊपर जटाओं की स्थिति तपस्वी को आध्यात्मिक रूप से जाग्रत रखने और अपने साधना पथ का सतत स्मरण रखने में सहायक होती हैं। अगर मैं वन क्षेत्र में जा रहा हूं तो मुझे ऋषियों का ही वेष धारण करना उचित होगा।''

आर्य सुमंत ने कहा, ''आपने सत्य कहा प्रभु! आप एक असाधारण स्थिति में ऐसा कर रहे हैं।गृहस्थ को केवल तपस्वियों की वेशभूषा का अनुकरण करने से कोई लाभ नहीं है, बल्कि उसे गृहस्थ धर्म में रहते हुए सद्मार्ग पर चलने और आध्यात्मिक उन्नति के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने की आवश्यकता है।''

श्री राम और लक्ष्मण जी ने खड़े होकर अपने दोनों हाथ जोड़कर प्रार्थना की।दोनों का रूप मनोहर है। श्री राम स्वयं साधना के पर्याय दिखाई दे रहे हैं। उनके साथ सीता जी की दैवीय आभा से युक्त उपस्थिति एक अद्भुत वातावरण का सृजन कर रही है। सीता जी उस चौरस स्थान के बाईं ओर हैं और कुश तथा तृणों से वहीं बने हुए एक प्रतीकात्मक आवरण के पीछे अपनी पोटलिका को आगे प्रस्थान के लिए व्यवस्थित कर रही हैं। यहां भी उनकी एक गृहस्थी बन गई है। दोनों भ्राताओं ने कुछ देर आंखें बंदकर ध्यान किया।

कुछ देर बाद अपनी आंखें खोलते हुए श्री राम ने आर्य सुमंत से कहा,

''सुमंत जी अब आप लौट जाइए। आपने अपना कर्तव्य पूरा कर लिया है और अब आप शीघ्र अयोध्या लौटकर हमारे वन क्षेत्र की ओर प्रस्थान की सूचना दें। इससे माता कैकेई को इस बात की पुष्टि हो जाएगी कि हम अयोध्या की सीमा से बहुत दूर निकल चुके हैं और अब हमारा लौटना संभव नहीं है।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।

उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

कविता : जनमत....

मेरा पानी उतरता देख,
मेरे किनारे पर घर मत बना लेना।
मैं समुंदर हूँ,
लौट कर वापस आउँगा।।
सचमुच शर्मा जी इस बात में दम था
या मोदी जी करिश्मा?
इस पर आपका क्या मत है?
इस पर शर्मा जी दार्शनिक अंदाज में
हृदय पट खोले-
तनिक ठहर कर बोले।
न यह है मोदी का करिश्मा
और नही देवेन्द्र का संकल्प।
2019 के चुनाव का मेंडेट
भाजपा शिवसेना अलाइंस के लिए था।
पर जोड़-तोड़ की राजनीति
अनीति को नीति बनाने की
कुटिल चाल को
लोग समझ गए थे।
उसी दिन से ही जन-जन
बस एक संकल्प लिए थे।
पहले जो खुद था सी.एम.
उनका डिप्टी सी.एम.बनना,
ईगो का त्याग करना,
लोगों को भा गया।
इतिहास उठाकर देख लीजिए
कि लोकतंत्र में
सत्ता के लिए जब-जब भी जनमत का
अपमान किया,
जनता ने ही प्रतिकार किया।
नही होता बड़ा कोई चेहरा
जनता ने ही आकार दिया।
दल बनेगी और बिगड़ेगी ,
सरकारें भी आयेगी-जायेगी
रहना चाहिए लोकतंत्र
क्या करें?
कोई माने न माने,
लोगों ने मान लिया है।

कु. तृप्ति साहू
पं.दीनदयाल कॉलोनी (राजनांदगांव)

सामयिक चर्चा

फर्क - निगम और घर के सामान का !

बीते दिनों को याद कर -
बानी बोले-''गजाधर !
एक वह भी जमाना था, जब मैं, रामशरण बाबू के साथ
अलसबेरे घूमने जाया करता था।
किनारे-किनारे चौपाटी होते हुए
अपने प्रिय रानी सागर की
परिक्रमा किया करता था।
पर अब तो सबेरे-सबेरे
धूमता-फिरता सब सपना हो गया है।
यादें रह गई हैं और वो समय,
अतीत में जाने कहां खो गया है।
पर आज जब मैंने पढ़ी यह खबर
तो मुझे बड़ा खराब लगा गजाधर !
आप भी सुनिए-'' बच्चों की टॉय ट्रेन,
चौपाटी में बन्द पड़ी है,
छह बोट खराब, मरम्मत नहीं
झूले टूटे और मालूम ।
फिसल पट्टी की पट्टी ही उखड़ी है।
ऊर्जा पार्क और पुष्प वाटिका में
ओपन जिम के उपकरण भी
खराब हो रहे हैं ।
इसका कारण क्या हैं आप बताएँ ?''
गजाधर मुस्कराए बोले -
'' यही तो हैं परेशानी
कि तुम पूरी खबर नहीं पढ़ते बानी ।
देखो कारण साफ-साफ लिखा हैं
कि निगम को राजस्व देने वाली चौपाटी
की निगम अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं । ''
पर इस पर हम तो यही कहेंगे-
वो घर का सामन थोड़ी है,
जो अधिकारी ध्यान देंगे, सुध लेंगे।''

गिरीश बख्शी

बाल कहानी

हिम्मत किर्रा की

एक जंगल में एक शेरनी और एक बकरी थी दोनों एक अच्छे दोस्त थे और वे दोनों ही हंसी खुशी से अपना जीवन भी जी रहे थे। एक दिन बकरी अपने तीन बच्चों को जन्म देती है और बकरी ने अपने तीनों बच्चों का नाम भी रखती है, जिसमें से पहले का किर्रा दूसरे का नाम बुर्रा और तीसरे का नाम भुरवी रखी थी। बकरी जंगल में अपने परिवार के साथ रह रही थी और अपने परिवार के साथ बहुत खुशी से जीवन जी रही थी, एक दिन बकरी की सहेली शेरनी आयी बकरी से उनका हाल-चाल पूछी और बकरी के बच्चों से बात की शेरनी बोली बकरी से मेरी तबियत खराब है। आप अपने एक बच्चे को मेरे घर भेज दोगी क्या। कुछ देर तक बकरी खामोश रही बहुत सोच समझ कर उसने हाँ कही और कुछ दिन के लिए बोलकर शेरनी अपने घर चली गई शेरनी के जाने के बाद बकरी रोने लगी शेरनी मेरे सभी बच्चों को खा जाएगी करके रो रही थी। बकरी का बड़ा बेटा किर्रा बोला मैं जाऊंगा।

शेरनी के घर माँ! मुझे कुछ नहीं होगा करके किर्रा शेरनी के घर गया और वहाँ पहुंचकर शेरनी के घर का कुछ काम किया तथा खाना खाकर शेरनी और किर्रा सो गए। शेरनी सोते हुए अपने मन में सोची कि किर्रा तो सोया है मैं इसे खा लेती हूँ। इससे पहले कुछ अनहोनी घटना घटती किर्रा ने अपने सोए हुए स्थान पर एक पत्थर को लिटा दिया किर्रा की जगह में पत्थर रख दिया जैसे ही शेरनी ने झपट्टा मारी तो उसने किर्रा के जगह पत्थर को चबा डाला शेरनी के दांत टूट गये और शेरनी के मुंह से खून आने लगा शेरनी बहुत गुस्सा हुई और बकरी और उनके बच्चों को खाने के लिए बकरी के घर पहुंची बकरी अपने बच्चों को लेकर भागने लगी शेरनी बकरी और उनके बच्चों का पीछा करने लगी बकरी अपने बच्चों को लेकर ऊंचे पहाड पर चढ़ गई जहाँ पर शेरनी उसी ऊंचे पहाड़ के नीचे थी, कुछ देर बाद शेरनी अपने घर चली गई और बकरी अपने बच्चे के साथ पहाड़ से उतरकर जंगल से बहुत दूर चले गयी और खुशी से अपने बच्चों के साथ हंसी खुशी से जीवन बिताई।

कु. टोमेश्वरी साहू
बसंतपुर, राजनांदगांव

राशिफल

मेष
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी जान-पहचान बढ़ेगी। आज आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। साथ ही आपके अधूरे काम पूरे भी होंगे। अपने व्यक्तित्व के दम पर आप कुछ लोगों को अपने फेवर में करने में सफल होंगे, जिसका पूरा फायदा मिलेगा।

वृष राशि
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप कुछ नया करने की सोचेंगे। अगर आप सूझ-बूझ से काम लेंगे, तो आय के स्त्रोत बढ़ेंगे। आज आप अपनी मेहनत के बल पर अपने कार्य समय रहते पूरा करने में सफल होंगे। आज आपको संतान सुख की प्राप्ति के योग बन रहे है। आज धैर्य पूर्वक किया गया फैसला लाभदायक सिद्ध होगा।

मिथुन
आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल हाई रहेगा। आज आपका मन सामाजिक कार्यों में लगेगा। घरेलु कार्यों में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। तरक्की मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। संतुलित भोजन करने से आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। आज आप थोड़े सोच-विचार में रहेंगे। रेस्टोरेंट चला रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा अधिक मुनाफा होगा।

कर्क
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में किसी बड़े की सलाह लेकर ही आपको कोई बड़ा कदम उठाना चाहिए। कामकाज ज्यादा होने से आज आप कुछ ज्यादा ही व्यस्त रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। परिवार वाले आज आपके व्यवहार से प्रसन्न होंगे। आज आपके बिजनेस में तरक्की होगी।

सिंह
आज आप अपनी वर्तमान स्थिति से प्रसन्न रहेंगे। आज बच्चों के साथ आपका समय बेहतर बीतेगा। कारोबार में आपको फायदा होने की संभावना है। छात्रों के लिए आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है, शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। दांपत्य जीवन में नई खुशियाँ आने से मधुरता और बढ़ेगी। आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ेगी।

कन्या
आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आपका तनाव काफी हद तक खत्म हो जायेगा। आपको पैसे कमाने के कई नए मौके मिलेंगे। रचनात्मक काम में लगे लोगों के लिए सफलता से भरा दिन है, उन्हें शोहरत और पहचान भी मिलेगी। लोगों को तेजी से पसखने की क्षमता आपको दूसरों से आगे बनाएं रखेगी। लवमेट के रिश्तें में नयापन आयेगा।

तुला
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज कुछ नया सीखने का मौका आपको मिलेगा। ऑफिस में जूनियर आपका सहयोग करेंगे। नए लोगों से मुलाकात के कुछ अच्छे मौके मिलेंगे। दिनभर की भागदौड़ के बाद शाम को आपको थोड़ी थकावट महसूस होगी, लेकिन जल्द ही रिलेक्स भी हो जायेंगे। जॉब के लिए नई संभावनाओं की तलाश पूरी होगी।

वृश्चिक
आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी। संचार-साधनों से आपको फायदा होगा। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी करेंगे। आज आपके लिए ज्यादातर चीजें बहुत आसानी से सुलझती जाएंगी। कुछ नए अनुभव भी आपको प्राप्त होंगे। लोगों की मदद से आपकी इनकम बढ़ेगी।

धनु
आज आप व्यावहारिक रहेंगे। इस राशि के जो लोग कंट्रक्शन का कार्य कर रहे हैं, उन्हें कोई बड़ा फायदा होगा। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी मिलेगी। करियर में आपको सफलता मिलेगी। किसी मित्र से मिलने उसके घर जायेंगे। आज आप कहीं जाने का प्लान बनायेंगे। लोगों से अपनी बात मनवाने में सफल होंगे।

मकर
आज आपका दिन धार्मिक गतिविधियों में बीतेगा। जमीन-जायदाद के कागजात को आज सम्भाल कर रखे। साथ ही अपने आस-पास हो रही गतिविधियों पर भी नजर रखने की आवश्यकता है। अगर आप कुछ चीजों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने की संभावना है। आपको अपनी चीजों को संभालकर रखना चाहिए।

कुंभ
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप ऐसा कोई काम करेंगे, जिससे आपकी तारीफ होगी। आज आपको नये ऑफर मिलेंगे, इसके लिए आपको तैयार रहना चाहिए। आज आप सामाजिक कामों में सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग विवाहित हैं, वे शाम को किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डीनर का प्लान बनायेंगे। आपके घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

मीन
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। माता-पिता आपकी खुशी देखकर प्रसन्न होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी, उनके साथ आप देर तक बात करेंगे। कामकाज के क्षेत्रों में परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आगे चलकर कोई बड़ा फायदा कराएगा।

ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करेंगे पटवारी

तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, काला ड्रेस पहनकर किया प्रदर्शन

डोंगरगढ़(दावा)। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के आवाहन पर डोंगरगढ़ तहसील के पटवारियों ने आज अपने प्रदेश उपाध्यक्ष भीषम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में काला ड्रेस पहनकर ऑनलाइन कार्यों का विरोध दर्ज कराया तथा तहसीलदार सतपाल यादव को शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष भीषम ठाकुर ने बताया कि हम अबकी बार शासन से आवश्यक संसाधन की मांग कर रहे हैं तथा मांग पूरी नहीं होने तक काले कपड़े पहनकर ही काम करेंगे। यदि 15 दिसंबर तक मांगे पूरी नहीं हुई तो उसके बाद सभी पटवारी अपने ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग के साथ-साथ सभी व्हाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार भी करेंगे।

वर्तमान में राजस्व संबंधी सभी कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है। इसके अलावा कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन मोबाइल एप या फिर कम्प्यूटर के माध्यम से किया जाता है। लेकिन पटवारियों को किसी भी प्रकार के संसाधन अथवा संसाधन भत्ता उपलब्ध नहीं कराया गया है। मजबूरी में पटवारी निजी अथवा किराए पर लिए गए संसाधन के जरिए कार्यों को संपादित कर रहे हैं। संघ ने शासन से समस्या का जल्द निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर पटवारी 16 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे, जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। उक्त मुद्दों को लेकर राजस्व पटवारी संघ की आवश्यक बैठक 7 दिसंबर को हनुमान मंदिर मठपुरैना रायपुर में रखी गई थी। जिसमें प्रदेश के सभी पटवारियों के प्रतिनिधियों ने जिसमें जिलाध्यक्ष व प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित सदस्य भी शामिल हुए थे। जिलाध्यक्ष व प्रांतीय कार्यकारिणी ने ऑनलाइन कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। बैठक मे यह निर्णय लिया और 9 दिसंबर से सभी पटवारी काला ड्रेस पहनकर अपनी मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

पुरानी मांगों से भी शासन को अवगत कराया जाएगा

पटवारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि राजस्व पटवारी संघ की पुरानी सभी मांगे यथावत बनी हुई है। जैसे वेतन भत्ते नियमित पदोन्नति व अन्य भत्तों के संबंध में वे लगातार शासन को अवगत कराते रहेंगे। श्री ठाकुर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने वालों में आज तेजिंदर कौर भाटिया तहसील अध्यक्ष अनिल वर्मा व भोलेश्वर साहू साथ थे। ज्ञातव्य है कि अभी विभाजित डोंगरगढ़ तहसील में 35 पटवारी कार्यरत हैं और पूरे प्रदेश में 10000 से अधिक पटवारी कार्य कर रहे हैं जो संसाधन के बगैर नए आदेशों का पालन करने बाध्य है।

संस्कारसिटी कॉलेज ने शा. प्राथमिक शाला झुराडुबरी में आयोजित किया ग्रामीण शिविर

राजनांदगांव(दावा)। संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला द्वारा बीएड प्रथम सेमेस्टर 2024 के प्रशिक्षणार्थियों ने ग्राम झुराडुबरी में सामुदायिक गतिविधि के तहत एक दिवसीय ग्रामीण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर झुराडुबरी के प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित हुआ, जहां महाविद्यालय के बीएड प्रथम वर्ष के छात्र, शिक्षकों ने कई जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिविर के तहत एक रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद शिक्षा का महत्व विषय पर आधारित एक नाटक का मंचन किया गया। साथ ही पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान रक्षक यात्रा निकाली गई

विभिन्न मुद्दों पर जनता का ध्यान आकृष्ट कराया गया

डोंगरगढ़(दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय संविधान की रक्षा के लिए 26 नवंबर से 26 जनवरी 2025 तक 60 दिवसीय राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में 'संविधान और समानता की लड़ाई' विषय पर प्रदेश के सभी जिलों में आयोजन किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व मंत्री जगत गुरु रुद्र कुमार को कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस प्रभारी सुजीत बघेल, विधायक दलेश्वर साहू डोंगरगांव, विधायक भोला राम साहू खुज्जी, विधायक श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल डोंगरगढ़ के मार्गदर्शन में संविधान रक्षक यात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहे।

विभिन्न मुद्दों पर जनता का ध्यान आकृष्ट कराया गया

संविधान रक्षक यात्रा के दौरान, प्रमुख मुद्दों में शामिल भारत में असमानता और इसे दूर करने में भाजपा की विफलता, अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, गैर अधिसूचित जनजातीयों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान देने के साथ ही हाशिए पर रहने वाले समुदायों की स्थिति खराब करने वाली सरकार की नीतियों को आम जनता के बीच उजागर किया गया। संविधान रक्षक यात्रा विधायक कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी और आम सभा कर विभिन्न मुद्दों पर जनता का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

पहला कॉलम...

विधायक भोलाराम साहू ने यात्री प्रतीक्षालय का किया लोकार्पण

खुज्जी (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गिदरी (उमरवाही) में विधायक भोलाराम साहू पहुंच कर सरस्वती माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की और नव-निर्माण यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण कर पट्टिका का अनावरण किए एवं रूम सहित कलामंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत पंचायत पदाधिकारियों को उपरोक्त लोकार्पण विकास कार्यों एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए ग्रामवासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए तथा छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सुंदर सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। श्री साहू जी ने उन बच्चों को सम्मान राशि भेट कर उत्साह वर्धन किए। इस लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के शुभ अवसर पर कान्ति भण्डारी जिला पंचायत सदस्य, राजू सिन्हा कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, कोमल पटेल ग्राम पटेल, मोहित भुआर्य उपसरपंच, रामसाय उइके, चिन्ता राम सहारे, प्रीतम लाल साहू, अमोली राम, पोषण कुमार, कन्हैया पटेल, सुंदर लाल, नरसिंह अमरिया, धनेश कुमार, ईश्वरी प्रसाद सचिव, केवल पटेल, गिरधारी लाल, सरिता, महाबली भंडारी, होम बाई, बिमला बाई, गायत्री कोठारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा 6 दिसम्बर को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ बी आर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर एवं समस्त प्राध्यापकगणों ने डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं संविधान निर्माण, महिलाओं के उत्थान, दलित शोषित वर्ग के उत्थान एवं समाज सुधार में उनके योगदान को याद कर छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। समस्त प्राध्यापकगणों एवं छात्र-छात्राओं ने 2 मिनट का मौन रखकर डॉ. अंबेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर. कोचे, भूगोल विभागाध्यक्ष एच.आर. पदमे, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिंह, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी साहित डॉ श्रीमती नीता राजपूत, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ येशु कीर्ति हजारे, डॉ सपना परिहार, एवलाल मेश्राम, मनीषा भेड़िया, अंजली देवांगन, श्रीमती मीनाक्षी साहू, मंजू धनकर, शैलेंद्र यादव, शबाना खान सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्लास्टिक रि-सायकलिंग फैक्ट्री के लिये एनओसी दिए जाने को लेकर दो लोगों के मध्य विवाद

मामला - ग्राम कल्याणपुर का

डोंगरगढ़(दावा)। प्रार्थी दिलीप कुमार वर्मा निवासी ग्राम कल्याणपुर ने पुलिस को बताया कि, दिनांक 08 दिसंबर को वह अपने भतीजा कौशल कुमार वर्मा के साथ मोटर सायकल से खैरागढ़ से वापस अपने घर कल्याणपुर आ रहा था तभी कल्याणपुर यात्री प्रतिक्षालय के पास गोपाल यादव बैठा था। मुझे आते देखकर गोपाल यादव ने सुधांशु बक्शी को प्लास्टिक रि-सायकलिंग फैक्ट्री के लिये क्यों एनओसी दिए हो कहकर मुझे मां-बहन की गंदी-गंदी गाली दिया और पीछे से आकर मेरा गला पकड़ लिया और हाथ मुक्का से मारपीट किया। तब मेरा भतीजा कौशल वर्मा बीच-बचाव किया, तो उसे भी हाथ मुक्के से मारपीट किया है। मारपीट करने से चोंट लगी है। पूर्व में महिना भर पहले एनओसी के संबंध लड़ाई झगड़ा किया गया था तथा मुझसे मनमुटाव भी रखता था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

आज से अरजकुण्ड में संकुल स्तरीय क्रीडा प्रति.

(राजेश मेश्राम)

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम अरजकुण्ड में आगामी 10 एवं 11 दिसंबर को संकुल स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, जिसमें सात प्राथमिक एवं तीन माध्यमिक शाला के करीब 200 विद्यार्थी विभिन्न खेलों में हिस्सा लेंगे। उक्ताशय की जानकारी शिक्षक उपेन्द्र आर्य ने दी है।

नगर में पहली बार ब्राह्मण सम्मेलन विप्रजन हुए शामिल

० सर्व ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष महासचिव हुए शामिल
० प्रदेश पदाधिकारी सहित जिला पदाधिकारी हुए शामिल

छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में सर्व ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव सर्व ब्राह्मण समाज शशिकांत तिवारी, सुमित शर्मा, विक्रांत शर्मा, मौलेश तिवारी, पोषण शुक्ला, लव मिश्रा, श्रीमती कनक दत्ता दुबे, श्रीमती विजेता शर्मा, श्रीमती अर्चना बाजपेयी, विनोद तिवारी, गोपाल तिवारी, दौवा प्रसाद तिवारी, रुखम प्रसाद दुबे, श्रीमती पूनम सुरेश शर्मा, पवन तिवारी, लखन प्रसाद मिश्रा, मिथलेश दुबे आदि अतिथि इस सम्मेलन में आगमन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने शनैश्चर धाम एवं मां दन्तेश्वरी मंदिर विधि विधान वैदिक मंत्रों के साथ पूजन अर्चना पश्चात बाजेगाजे के साथ ब्राह्मण समाज ने अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक भव्य स्वागत के साथ लाया गया गया, कार्यक्रम की शुरुरुंभ परशुराम के तैलचित्र में पूजा-अर्चना माल्यार्पण दीप प्रज्वलित के पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया, छुरिया ब्लॉक सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष टीकम प्रसाद पांडेय ने अतिथियों स्वागत किया पांडेय ने सर्व ब्राह्मण समाज के गठन समाज के उत्थान में किये कार्य विवरण प्रस्तुत किया, प्रकाश शर्मा ओजस्वी संबोधन समाज एकसूत्र में पिरोना, समाज को संगठित करना, समाज द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्य की जानकारी दी।

समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज में अंतर्जातीय विवाह रोकने पर बल दिया। बेटा और बेटी की शादी समाज में ही होना चाहिए। सशक्त सामाजिक संगठन हमारी अनिवार्य आवश्यकता है। इसके लिए हर घर का एक सदस्य समाज में जोड़े। युवाओं और महिलाओं की संख्या समाज में बढ़ाएं। श्री मिश्रा ने सम्मेलन की सफलता पर राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी तथा परिक्षेत्र के पदाधिकारियो को बधाई दी। सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने उद्बोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज को एकजुट होना बहुत जरूरी है क्योंकि ब्राह्मण जब मजबूत होगा तो देश और राज्य मजबूत होगा संस्कृति और सभ्यता की शिक्षा देने वाले ब्राह्मणों ने स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान रहा है ब्राह्मण समाज ईश्वर से सदैव अपने कल्याण की छोड़ विश्व की कल्याण की बात करता है वह किसी जाति धर्म का विरोध नहीं करता लेकिन समय आने पर शास्त्र के साथ शस्त्र भी उठा सकता है आरक्षण पर अपनी बात रखते हुए कहा आर्थिक आधार पर आरक्षण करना चाहिए क्योंकि गरीबी जाति देखकर नहीं आती, अगर राज्य सरकार अतिशीघ्र 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस लागू नहीं करेगी, प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस लागू किया गया इसके लिए समाज उनका आभार व्यक्त करता है, किंतु प्रदेश में इसे लागू नहीं किया जा रहा, जिले एंव प्रदेश आए अतिथियों ने समाज हित प्रेरणा दायक विचार प्रगट किया।

इस अवसर में कार्यक्रम सफल संचालन दिग्विजय शर्मा, प्रहलाद मिश्रा, ब्लाक उपाध्यक्ष, ब्राह्मण समाज सचिव अवधेश दुबे, यशवंत तिवारी, तोरण शर्मा, पवन तिवारी, मनीष त्रिपाठी, अभय बाजपेयी, दीपक दुबे, अनंत तिवारी, सतीश तिवारी, रूखाम पांडे, नरेश शुक्ला, कुमुद किशोर शुक्ला, आशीष शर्मा, सुनील पांडेय, दीपक कुमार दुबे, राम किशोर तिवारी, पप्पू तिवारी, सतीश शर्मा, श्रीमती दीपिका पांडे, हरिचंद त्रिपाठी, श्रीमती सुनीता पांडे, श्रीमती आरती दुबे, मुस्कान दुबे, प्राची तिवारी, प्रभा दुबे, पूनम शर्मा, तन्नू दुबे, सुषमा दुबे, मधुसूदन पांडेय, अश्वनी पांडेय, भूपेंद्र मिश्रा, श्रीमती ऋचा त्रिपाठी सहित विप्रजनों काफी संख्या में इस सम्मेलन में उपस्थित हुए एवं भगवान परशुराम की फोटो का वितरण विप्रजनों वितरण किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी जुटे रहे, नगर में पहली बार वृहद रुप से ब्राह्मण समाज ने आयोजन किया।

दो दिवसीय जिला स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम बैहाटोला में कल

प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में होगा संपन्न

खैरागढ़(दावा)। दो दिवसीय जिला स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम बैहाटोला में बुधवार 11 दिसंबर को, प्रातः 11 बजे जिले के प्रभारी व केबिनेट मंत्री छग शासन लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा, अध्यक्षता राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल डोंगरगढ़ विधानसभा, राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सभापति व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, अध्यक्ष मंडल भाजपा पांडादाह नरोत्तम सिंहा, महामंत्री मंडल भाजपा पांडादाह गोरेलाल वर्मा व सरपंच ग्राम बैहाटोला राधेलाल उके की उपस्थिति में संपन्न होगा। वही प्रतिभागी स्कूली बच्चों के द्वारा शाम 6 बजे से आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतियोगिता का समापन गुरुवार 12 दिसंबर को प्रातः 11 बजे क्षेत्रीय जनपद सदस्य फुलकुंवर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत बैहाटोला राधेलाल उके, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बैहाटोला उमेंद्र उके, अध्यक्ष देवरी जोन तेजराम वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष विक्रमपुर होरी लाल वर्मा, अध्यक्ष शाला विकास समग्र शिक्षा प्राथमिक शाला शैलेष पांडे, अध्यक्ष शाला विकास समग्र शिक्षा हाईस्कूल घनश्याम वर्मा, अध्यक्ष शाला विकास समग्र शिक्षा माध्यमिक शाला रामकुमार वर्मा व बुथ प्रभारी बैहाटोला रघ्घू नेताम की उपस्थिति में समापन होगा, वही पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर 3:30 बजे सम्पन्न होगा।

विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता अछोली सोसाइटी में आज करेंगे प्रदर्शन

० प्रदर्शन के दौरान भाजपा द्वारा किसानों से किया गया वादा याद दिलाया जाएगा

डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत अछोली स्थित सोसायटी में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान चुनाव के समय भाजपा द्वारा किसानों के साथ किए गए वादों के अनुसार किसानों को सुविधा प्रदान करने की मांग की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, धरना प्रदर्शन के दौरान प्रमुख मांगों में शामिल किसानों को समय पर टोकन, 3100 सौ रुपए एक मुश्त राशि का भुगतान, इसके अलावा छिपा सोसायटी में किसानों के ऊपर फर्जी लोन को क्लीयर कराने आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन होगा। धरना प्रदर्शन में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, प्रदेश महामंत्री थानेश्वर पाटिला, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष जयचंद ठाकुर एवं संगठन के पदाधिकारी क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, निगरानी समिति के पदाधिकारी, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बुथ कार्यकर्ताओं को सोसाइटी पहुंचकर किसानों के समर्थन में कांग्रेस जनों की आवाज बुलंद करने का आव्हान किया गया है।

लोधी समाज गंडई सर्किल के अध्यक्ष बने तामेश्वर चंदेल, युवाओं में हर्ष

गंडई पंडरिया (दावा)। जिला युवा लोधी समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा, महासचिव शीतेश वर्मा के अनुशंसा से लोधी समाज सर्किल गंडई के अध्यक्ष पद के लिए मरदकटेरा निवासी तामेश्वर (टीकू) चंदेल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, तामेश्वर चंदेल वरिष्ठ कांग्रेसी मन्नू चंदेल एवं समाज के वरिष्ठ समाज सेवक मन्नू चंदेल के पुत्र हैं। वहीं सचिव के लिए करणवर्मा कृतबांस निवासी, उपाध्यक्ष के लिए महेंद्र जघेल, राजू जंघेल, गणेश वर्मा, हरिराम वर्मा, प्रमोद जंघेल, वही कोषाध्यक्ष के लिए डोमन वर्मा सह कोषाध्यक्ष के लिए शिवचरण वर्मा, संगठन सचिव विजय जंघेल, सहसचिव अजीत वर्मा, जयप्रकाश मसखरे, प्रचार सचिव के लिए तखत वर्मा, कुलेश्वर वर्मा, पंकज मसखरे, पप्पू वर्मा, हरेश्वर जंघेल को चुना गया है वही कार्यकारिणी सदस्य में रवि वर्मा, नीलकंठ चंदेल, भिखेंद्र जंघेल, महेश प्रमोद वर्मा, नितिन जंघेल सहित 31 लोगों को शामिल किया गया है। सर्किल लोधी समाज गंडई के अध्यक्ष बनने पर तामेश्वर चंदेल ने कहा कि समाज के विकास जागरूकता व सामाजिक कार्यों में समाज की भूमिका पर युवाओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा, सभी गतिविधियों में प्रमुखता से भाग लिया जाएगा। नए पदाधिकारी मनोनीत/चयन को लेकर लोधी समाज गंडई सर्किल के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर जंघेल, मिनेश जंघेल, दूजेराम वर्मा, प्रेमचंद वर्मा, राहुल जंघेल, महावीर वर्मा, दूलार वर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं।

शा. प्राथमिक शाला नाथूनवागांव में वार्षिकोत्सव व पुस्तकालय लोकार्पण संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव में 7 दिसंबर को संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरी, कार्यक्रम में शमां बांधने के लिए दूर वनांचल से खुमान दास साहू मा.शा.बूटाकसा, नूतन बाबू कौमार्य, मा.शा.सरोली मानपुर, श्रीमती नेमिन साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला घोरदा, अंबागढ़ चौकी उपस्थित हुए। इस दौरान शाला में बहुप्रतीक्षित नवनिर्मित पुस्तकालय का लोकार्पण विशिष्ट अतिथि अर्पित जैन, संचालक ऋषभ राइस मिल नाथूनवागांव द्वारा किया गया। इस पुस्तकालय के निर्माण में श्री जैन का विशेष आर्थिक सहयोग रहा। पुस्तकालय निर्माण के साथ ही साथ शाला की अधोसंरचना में जीर्णोद्धार व रंग रोगन कर आमूलचूल परिवर्तन किया गया।

शाला के जीर्णोद्धार हेतु श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, जिला पंचायत सदस्य द्वारा रू. 2 लाख रु. का टाइल्स प्रदान किए गए, वहीं श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा, जनपद पंचायत सदस्य द्वारा बोरवेल मशीन के लिए 50 हजार रुपए प्रदान किए गए। ग्राम पंचायत नाथूनवागांव द्वारा रंग रोगन हेतु 68,000 रूपये स्वीकृत किए गए तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के सलाहकार रोहित वर्मा द्वारा शाला को महापुरुषों के 28 नग तैलचित्र प्रदान किए गए। शाला के प्रधान पाठक डोमन लाल सिन्हा, शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू, शिक्षक श्रीमती वीणा सोनी, शिक्षक टेमन साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों श्रीमती खेमिन वर्मा, अध्यक्ष खिलेश्वर कुर्रे उपसरपंच भुवाल साहू, रेखन वर्मा शिक्षाविद द्वारा ग्रामवासियों से संपर्क कर जन सहयोग से राशि एकत्र की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती जागृति चुन्नी यदु ने अपनी उपस्थिति प्रदान की तथा विशिष्ट अतिथि के आसंदी में श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा रही, विशिष्ट अतिथि अर्पित जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य के.आर.साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तुमड़ीबोड़ ने की। विशिष्ट अतिथि धनसाय सलामे, संकुल समन्वयक तुमड़ीबोड़ अजय सिंहमारे, प्रभारी प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुमड़ीबोड़, शिक्षक तोरण लाल निषाद शासकीय प्राथमिक शाला पेंडरवानी, नागेश्वर साहू ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। ग्रामवासियों ने शिक्षकों के इस प्रयास की प्रशंसा की और शाला के विकास हेतु सदैव तत्पर रहने की प्रतिबद्धता प्रकट की और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शाला परिवार की प्रशंसा की।

सफल होने के लिए उच्च शिक्षा जरूरी

हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत शासकीय नवीन महाविद्यालय जेवरतला के गणित और भूगोल विषय के अतिथि व्याख्याता जोशी जी और बंजारे जी का आगमन हुआ। जिसमें उन्होंने उच्च शिक्षा क्यों जरूरी है पर बल दिया। आगे कहा कि उच्च शिक्षा से बौद्धिक क्षमता का विकास और बेहतर रोजगार के अवसर खुलते है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर के देवांगन ने बताया कि जीवन में सफल होने के लिए एवं प्रतिष्ठा के लिए उच्च शिक्षा जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता आरडी देवांगन, रेशमी साहू, हेपशिबा एंथोनी, बिंदु साहू एवं विद्यालय के सभी छात्र छात्रा उपस्थित थे।

पहला कॉलम...

हिंदुओं पर हो रहे हमले के बीच भारतीय विदेश सचिव पहुचे ढाका

ढाका । बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यहां हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ढाका के दौरे पर हैं। वह भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने के लिए सोमवार सुबह यहां पहुंचे। ये दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब इस साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। अगस्त में शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़कर भारत आने के साथ ही नई कार्यवाहक सरकार और उसके प्रमुख मो. यूनुस ने भारत को निशाने पर लेना शुरू कर दिया। शेख हसीना के देश छोड़ने के साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न शुरू हो गया। लोगों के घर जलाए गए, हत्याएं हुईं और मंदिरों को भी निशाना बनाया गया। इस बीच इस्कॉन भी बांग्लादेश के निशाने पर आ गया। कुछ संगठनों ने इस्कॉन को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग कर डाली। यहां तक कि कुछ दिनों पहले हिंदुओं के जाने-माने नेता चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद से यहां लगातार तनाव जारी है। अब इन सब चिंताजनक हालातों के बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ढाका पहुंचे हैं। दोनों देशों के विदेश सचिवों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा दोनों देशों के बीच स्थापित विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) तंत्र में भाग लेकर द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर चर्चा किए जाने की उम्मीद है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट का बदला गया टाइम

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस समय पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच हो चुके हैं। दो मैचों के बाद सीरीज इस समय 1-1 की बराबरी पर है। तीसरा मैच वहां होना है जहां ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है और भारत पिछले दौरे पर उसे यहां हरा चुका है। ये मैदान है ब्रिस्बेन का गाबा। गाबा में पिछली बार निर्णायक मुकाबला खेला गया था जिसमें भारत ने जीत हासिल करते हुए सीरीज अपने नाम की थी। इस बार भी गाबा की जंग आसान नहीं रहने वाली है। इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है और भारत सिर्फ एक मैच ही इस मैदान पर जीता है। सीरीज में बढ़त बनाने के लिए आतुर दोनों टीमें इस मुकाबले पर फोकस किए हुए हैं और फैंस भी इस मैच का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन फैंस को इसके लिए अपना समय बदलना पड़ेगा।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5.50 बजे शुरू होगा जबकि टॉस 5.20 बजे होगा।

मोहम्मद और ट्रेविस हेड जुबानी जंगा पर आईसीसी एक्शन लेने की तैयारी में!

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज और ट्रेविस हेड के बीच हुई कहासुनी ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। डे-नाइट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान सिराज ने जब हेड को बोल्ड मारा तो दोनों के बीच जुबानी जंग देखने को मिली। इस मामले के बाद आईसीसी की इन दोनों पर नजरें हैं। डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, सिराज और हेड दोनों को आईसीसी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, इन दोनों पर किसी तरह का बैन लगे इस बात की संभावना नहीं है क्योंकि इस तरह की चीजें क्रिकेट में होती रहती हैं। आईसीसी दोनों को चेतावनी देकर छोड़ सकता है। मामला मैच के दूसरे दिन का है। दिन का खेल खत्म होने के बाद हेड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उन्होंने सिराज को वेल बोल्ड कहा था, लेकिन भारतीय गेंदबाज ने फालतू में गुस्सा दिखाया। सिराज ने फिर अगले दिन यानी रविवार को हेड को झूठा कहा था और बताया था कि हेड ने उनकी तारीफ बिल्कुल नहीं की थी। सिराज ने कहा कि था कि हेड ने कुछ और ही कहा था जिसके बाद वह गुस्सा हुए थे। हेड ने इस मैच में 140 रनों की पारी खेली और वह एक बार फिर भारत की हार का कारण बने।

कुश मैनी ने जीता फॉर्मूला-2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप का खिताब जीता

नई दिल्ली। भारतीय रेसर कुश मैनी ने फॉर्मूला-2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा। वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैनी के लिए फार्मूला-2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है। इस भारतीय रेसर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

नई दिल्ली। शेरफाने रदरफोर्ड की तूफानी पारी के दम पर मेजबान वेस्टइंडीज ने सेंट किट्स में खेले गए पहले वनडे मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के वेस्टइंडीज ने साथ तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 294 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने 47.4 ओवरों में पांच विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया। ये वेस्टइंडीज की बांग्लादेश के खिलाफ 11 वनडे मैचों के बाद पहली जीत है।

रदरफोर्ड ने इस मैच में 80 गेंदों का सामना कर 113 रनों की पारी खेली जिसमें सात चौके और आठ छक्के शामिल रहे। उनके अलावा कप्तान शाई होप ने 88 गेंदों का सामना करते हुए 86 रन बनाए। उनकी पारी में तीन चौके और चार छक्के शामिल रहे। जस्टिन ग्रीव्स 41 रन बनाकर नाबाद रहे।

295 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम शुरुआत में दो विकेट जल्दी चटकने से लड़खड़ा गई थी। ब्रेंडन किंग ने 17 गेंदों पर नौ रन बनाए और वह तंजीम हसन साकिब की गेंद पर आउट हुए। दूसरे सलामी बल्लेबाज इविन लुइस को नाहिद राणा ने पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 31 गेंदों पर 16 रन बनाए। 27 रनों पर दो विकेट खोने के बाद मेजबान टीम को कैसी कार्टी और होप ने संभाला। ये दोनों टीम के स्कोर को 94 तक ले गए। यहीं कार्टी रिशाद हुसैन की गेंद पर आउट हो गए। होप को फिर साथ मिला रदरफोर्ड का और दोनों ने 99 रनों की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को मैच में ला दिया। होप शतक से चूक गए और मेहदी हसन मिराज की गेंद पर आउट हो गए। 288 के कुल स्कोर पर रदरफोर्ड को सौम्य सरकार ने पवेलियन भेज दिया। हालांकि, तब तक विंडीज की जीत तय हो गई थी। ग्रीव्स और रोस्टन चेज (नाबाद 2) ने जीत की औपचारिकताएं पूरी की। इससे पहले, बांग्लादेश की तरफ से तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए जिनके दम पर टीम एक अच्छा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 60 रन बनाए। अपनी पारी में इस बल्लेबाज ने 60 गेंदों का सामना करते हुए छह चौके और तीन छक्के मारे। कप्तान मिराज ने एक बार फिर बल्ले का दम दिखाया और 101 गेंदों पर छह चौके, एक छक्के की मदद से 74 रनों की पारी खेली। महामुदुल्लाह 50 रन बनाकर नाबाद रहे। जाकेर अली दो रनों से अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने 40 गेंदों पर तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 48 रन बनाए।

इजरायल ने सीरिया में किया भीषण हमला

यरुशलम : इजरायल के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा कि इजरायली बलों ने सीरिया में संदिग्ध रासायनिक हथियार ठिकानों और लंबी दूरी के रॉकेटों पर हमला कर उन्हें नष्ट कर दिया है ताकि ये शत्रुओं के हाथ ना लग सकें। विदेश मंत्री गिडिअन सार ने कहा, च्हमारा एकमात्र हित इजरायल और उसके नागरिकों की सुरक्षा है।ज्

विदेश मंत्री ने कहा कि इजरायली बलों ने इन हथियारों को हमला कर नष्ट कर दिया ताकि ये आतंकियों के हाथ ना लग सकें। सार ने यह बात सीरियाई विद्रोहियों द्वारा सप्ताहांत में दमिश्क पहुंचने और लगभग 14 वर्षों के गृहयुद्ध के बाद राष्ट्रपति बशर असद की सरकार के तख्तापलट के बाद कही है।

अमेरिका ने भी सीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसके सुरक्षा बलों ने मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर दर्जनों हवाई हमले किए हैं। इन हवाई हमलों का मरसद युद्धग्रस्त देश में इस्लामिक स्टेट के फिर से उभरने को रोकना है।

इस बीच यहां यह भी बता दें कि सीरिया में असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत हो गया है। सीरिया में लोग सड़कों पर उतरकर जश्न मना रहे हैं। सीरियाई लोगों की भीड़ ने दमिश्क के चौहारों पर जश्न मनाने के साथ-साथ असद विरोधी नारे लगाए और कार के हॉर्न बजाए।

टाटा स्टील 25 के: पुरुषों में गुलवीर-सवाण और महिलाओं में संजीवनी करेंगी भारत का नेतृत्व

कोलकाता । टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस में इस बार पुरुषों का नेतृत्व 10000 मीटर और 5000 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और डिफेंडिंग चैंपियन सवाण बरवाल करेंगे। जबकि महिलाओं में फॉर्म में चल रही संजीवनी जाधव भारतीय एलीट महिलाओं की श्रेणी का नेतृत्व करेंगी। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस 15 दिसंबर होगा।

उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के को इस दूरी पर विश्व का पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता की एलीट में 27 पुरुष जबकि 13 महिलाएं आगामी रविवार कोलकाता के रेड रोड में मुकाबला करेंगी।

आराम कोलकाता सोनार कोलकाता हैस टैक के तहत रन का आयोजन किया जा रहा है। भारत के कुछ बेहतरीन एथलीट्स इस यूएस डॉलर 142,214 पुरस्कार राशि वाली रेस में केंद्र में होंगे। भारतीय एलीट पुरुषों और महिलाओं के विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि होगी, जिसमें प्रत्येक रेस के पहले तीन स्थान पर आने वालों को क्रमशः 2,75,000, 2,00,000 और 1,50,000 रुपए मिलेंगी। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को इवेंट रिकॉर्ड बोनस के रूप में 1,00,000 रुपए भी मिलेगा। उल्लेखनीय है कि आविनाश साबले के पास भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में मौजूदा इवेंट रिकॉर्ड है, जिसका समय 1.15.17 है, और एल. सुरिया के पास भारतीय एलीट महिलाओं का रिकॉर्ड है, जिसका समय 1.26.53 है।

पुरुषों की मजबूत टीम का नेतृत्व वर्तमान में सनसनी बने हुए गुलवीर सिंह करेंगे, जो शानदार फॉर्म में हैं। वे वर्तमान 5000 मीटर और 10,000 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, और हाल ही में हांगकांग में आयोजित 17वें एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल भी जीत चुके हैं। वे एशियन गेम्स 2022 में 10,000 मीटर के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट भी हैं।

खो-खो विश्व कप की मेजबानी के लिए तैयार भारत

नई दिल्ली। भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार यानी 10 दिसंबर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होगा। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर की देखरेख भारतीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे। इसमें देश भर से चुने गए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अनुभवी और नए युवा खिलाड़ियों को खेल विशेषज्ञों द्वारा पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि बारीकियां सिखाई जाएंगी। खो-खो विश्व कप का आयोजन 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी।

अगले महीने भारत की मेजबानी में खो-खो विश्व कप का आयोजन होना है। इससे पहले भारतीय खो-खो महासंघ (के के एफ आई), भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का फैसला लिया है। सोमवार को केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इसमें प्रदर्शन के आधार पर खो-खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 पुरुष खिलाड़ी और इतने ही महिला खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम के लिए चयन किया जाएगा।

भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार यानी 10 दिसंबर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होगा। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर की देखरेख भारतीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे। इसमें देश भर से चुने गए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अनुभवी और नए युवा खिलाड़ियों को खेल विशेषज्ञों द्वारा पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि बारीकियां सिखाई जाएंगी। खो-खो विश्व कप का आयोजन 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी।

जूनियर महिला हॉकी एशिया कप के पहले मैच में भारत की जीत

स्पोर्ट्स डेस्क, अमर उजाला, नई दिल्ली। मुमताज खान के चार गोल के अलावा कनिका सिवाच और दीपिका की हैट्रिक की मदद से गत चैंपियन भारत ने रविवार को महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश को 13-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

पूल ए के मैच में विजेता टीम के लिए मुमताज (27वें, 32वें, 53वें, 58वें), कनिका (12वें, 51वें, 52वें), दीपिका (7वें, 20वें, 55वें), मनीषा (10वें), ब्यूटी डुंग डुंग (33वें) और उप कप्तान साक्षी राणा (43वें) ने गोल दागे जबकि बांग्लादेश की ओर से ओरपिता पाल (12वें) ही एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और आराम से जीत दर्ज की।

भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम को विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा।

भारतीय कॉरपोरेट्स में अदाणी ग्रुप सबसे आकर्षक कारोबारी समूहः नोमुरा

मुंबई। जापानी ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने कहा कि भारतीय कारोबारी समूहों में अदाणी ग्रुप सबसे आकर्षक स्थिति में है और समूह की कंपनियों के मुकाबले अन्य भारतीय कॉरपोरेट्स का वैल्यूएशन महंगा है। रिपोर्ट में वैश्विक ब्रोकरेज ने कहा कि पोर्ट से पावर तक के सेक्टर में कारोबार करने वाला अदाणी समूह अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) द्वारा अभियोग में लगाए गए आरोपों के कारण हुई हालिया उथल-पुथल का सामना करने में भी सक्षम होगा।

अपने नोट में नोमुरा ने कहा, भारत में इन्वेस्टमेंट ग्रेड (आईजी) के कॉरपोरेट्स में अदाणी समूह सबसे आकर्षक है। इसके मुकाबले अन्य भारतीय कॉरपोर्ट्स महंगे स्तर पर है। नोमुरा ने आगे कहा कि 2023 की शुरुआत में अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण की तुलना में, अदाणी समूह की तरलता प्रबंधन जागरूकता में काफी सुधार हुआ है और इसे पर्याप्त अल्पकालिक तरलता स्थिति के साथ दिक्कतों का सामना करने में सक्षम होना चाहिए।

नोमुरा ने कहा कि कुल मिलाकर, अदाणी समूह में स्ट्रेस के कोई संकेत नहीं दिखाई दे रहे हैं और इसके मूल सिद्धांत/संपत्ति की गुणवत्ता बरकरार है।

वित्तीय रिसर्च फर्म ने कहा, हमारा मानना है कि समूह को तूफान के इस दौर (यूएस आरोप पत्र) का सामना करने में सक्षम होना चाहिए। नोमुरा ने कहा कि हालांकि, ग्लोबल बैंक द्वारा अदाणी ग्रुप को वित्तीय समर्थन रोकना चिंता का विषय हो सकता है, लेकिन जैसे ही यह अमेरिकी आरोप समाप्त हो जाएंगे, यह चिंता भी समाप्त हो जाएगी। इसके अलावा, जापान के तीन बैंक द्वारा अदाणी ग्रुप को समर्थन जारी है। उनोमुरा ने अदाणी मैनेजमेंट का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) का अभियोग केवल एक आरोप है। आरोप में भ्रष्टाचार विरोधी अनुबंधों का उल्लंघन नहीं है। यदि दोषी पाया जाता है तो यह उल्लंघन का संकेत हो सकता है।

प्रथम पेज का शेष

ममता बोलीं-आप कब्जा करेंगे और हम बैठकर लॉलीपॉप खाएंगे.....

लेकिन आप पश्चिम बंगाल और यहां के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर काम करें। अगर यहां हालात बिगड़ते हैं, तो इससे आपको कोई फर्क नहीं पडेगा। ठीक ऐसे ही, अगर बांग्लादेश में हालात खराब होते हैं, तो वहां रह रहे हमारे रिश्तेदारों और दोस्तों पर असर पडेगा। इसलिए वहां के बारे में कुछ भी कहने से पहले संयम बरतें।

ममता बोलीं- सब मिलकर सुनिश्चित करें कि पश्चिम बंगाल के हालात और न बिगडें

ममता ने कहा कि हमारे राज्य में, इमाम तक ने बांग्लादेश में माइनॉरिटी पर हमलों और बांग्लादेशी नेताओं के बयानों की आलोचना की है। हिंदू और मुस्लिम और बाकी सभी समुदाय की रगों में एक ही खून बह रहा है। हमें साथ मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि पश्चिम बंगाल के हालात खराब न हों।

पश्चिम बंगाल देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां हर जाति, पंथ और समुदाय के लोगों ने बांग्लादेश के हालात के खिलाफ प्रदर्शन किया।

0 विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बांग्लादेशी विदेश सचिव से बातचीत की

वहीं, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को बांग्लादेशी विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन से बातचीत की। मिस्री एक दिन पहले ही भारतीय एयरफोर्स के जेट से एक दिन की यात्रा पर ढाका पहुंचे हैं। अगस्त में शेख हसीना के बांग्लादेश से भागने के बाद यह दोनों देशों के बीच पहली हाई-लेवल बैठक है।

0 भारत में जम्मू से लेकर कर्नाटक तक बांग्लादेश के विरोध में रैलियां

बांग्लादेश में हिंदुओं और मंदिरों पर हो रहे हमले के खिलाफ देशभर में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर, नई दिल्ली, मुंबई, असम, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक समेत देश के कई राज्यों में लोग रैलियां निकाल रहे हैं।

0 त्रिपुरा-कोलकाता में बांग्लादेशियों का इलाज करने से इनकार

हिंसा के विरोध में त्रिपुरा और कोलकाता के अस्पताल बांग्लादेशियों का इलाज करने से मना कर चुके हैं। त्रिपुरा के आईएलएस अस्पताल ने बांग्लादेशियों का इलाज करने से इनकार कर दिया था। कोलकाता के सिलीगुडी में डॉ शेखर बंदोपाध्याय ने अपने प्राइवेट क्लीनिक में तिरंगा लगाकर मैसेज लिखा था- भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारी मां की तरह है। कृपया चैंबर में एंट्री करने से पहले तिरंगे को सलाम करें। खासकर बांग्लादेशी मरीज, अगर वे सलाम नहीं करते हैं, तो उन्हें अंदर आने नहीं दिया जाएगा।

0 कैसे शुरू हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले

बांग्लादेश में अगस्त में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। कई हिंदू मंदिरों को भी नुकसान पहुंचाया गया था। इस्कॉन के पूर्व प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद हिंसा हुई। हालिया हिंसा ढाका में इस्कॉन के पूर्व प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई। उन पर चटगांव के न्यू मार्केट में आजादी स्तंभ पर लगे नेशनल फ्लैग के ऊपर भगवा ध्वज फहराने का आरोप था। इस ध्वज पर 'सनातनी' लिखा हुआ था। 26 नवंबर को चिन्मय की चटगांव कोर्ट में पेशी के समय कोर्ट परिसर में हंगामा हुआ। इसी दौरान एक वकील की मौत हो गई। इसके बाद से हिंसा जारी है।

आज कांग्रेस का प्रदर्शन : डिप्टी सीएम साव बोले-

साव ने पूर्व सीएम बघेल के बयान पर पलटवार किया है। साव ने कहा कि, पिछड़े वर्ग के लोग ज़िला पंचायत अध्यक्ष बनने के लिए तरस जाएंगे। 5 सालों में सिर्फ पिछड़े वर्ग को ठगने और धोखा देने का काम किया है। कांग्रेस ने पिछड़े वर्ग के हित में कभी कोई काम नहीं किया है। भाजपा की सरकार ओबीसी हितैषी है।

भारत में शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर में 2030 तक निवेश होंगे 143 लाख करोड़ रुपये

मुंबई, 9 दिसंबर। भारत में आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर की मांग में इजाफा होगा। इस कारण से भारत 2030 तक इन्फ्रास्ट्रक्चर में 143 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश कर सकता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

कोलियर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेजी से हो रहा इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास देश भर में सैटेलाइट टाउनशिप के विकास को बढ़ावा दे रहा है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 2030 तक होने वाले इस व्यय का अधिकांश भाग शहरी क्लस्टर्स की ओर निर्देशित किया जाना है, जिससे शहरी क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के नेतृत्व वाला विकास हो सके। विचाराधीन परियोजनाओं में हवाई अड्डे, इंटर-सिटी मेट्रो कनेक्टिविटी, एयरोसिटी, हाइवे, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, आईटी + आईटीईएस जोन, बड़े डेटासेंटर कंसंट्रेशन जोन और अन्य शामिल हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि यह ट्रेंड मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन में देखा जा रहा है। मुंबई और उसके आसपास के लोकेशन की योजनाबद्ध तरीके से भीड़भाड़ कम करने का काम किया जा रहा है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन (एमएमआर) का विकास विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स से प्रेरित है, जिसमें मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (एमटीएचएल), नवी मुंबई एयरपोर्ट इन्फ्लुएंस नोटिफाइड एरिया (एनएएएन), विरार-अलीबाग मल्टीमॉडल कॉरिडोर, मुंबई-पुणे मिसिंग लिंक और जेएनपीटी एक्सटेंशन प्रोजेक्ट शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के चालू होने से उत्तरी बैंगलोर के विस्तार में एक नया आयाम जुड़ गया है।

नए प्रोजेक्टों की घोषणाओं ने 2020 से 2024 की अवधि में भूमि की कीमत में लगभग 2.5 गुना वृद्धि की है, जो 1,800 रुपये से बढ़कर 4,500 रुपये प्रति वर्ग फीट हो गई है। यह वृद्धि सबसे अधिक उत्तरी बेंगलुरु के छोटे बाजारों जैसे देवनहल्ली, चिक्काबल्लापुर, हेब्बल और येलहंका के आसपास सबसे अधिक हुई है।

आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मल्टी-मॉडल परिवहन कनेक्टिविटी वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बनने जा रहा है। इस नए हवाई अड्डे की क्षमता सालाना 9 करोड़ यात्रियों की होगी और इस परियोजना के माध्यम से आसपास की 90,000 एकड़ भूमि के विकास को बढ़ावा देगा।

इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में रियल एस्टेट की वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, खोपोली और पेन जैसे छोटे बाजारों में अगले पांच वर्षों में भूमि की कीमतें 4,200 रुपये से बढ़कर 16,200 रुपये प्रति वर्ग फीट (2024-2030) तक लगभग 3.9 गुना बढ़ जाएंगी।

उत्तर प्रदेश में आगामी जेवर हवाई अड्डा से प्रदेश में शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी और मेट्रो लाइन विस्तार जैसी सरकारी पहलों ने एक टाउनशिप के रूप में जेवर के विकास को और गति प्रदान की है। इन पहलों ने पिछले 5 वर्षों में भूमि की कीमत में वृद्धि की है, जो 5,000 रुपये से बढ़कर 7,000 रुपये प्रति वर्ग फीट हो गई है।

चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड परियोजना एक बार पूरी हो जाने पर श्रीपेरंबदूर, सिंगापुरमलकोइल और अन्य जैसे सैटेलाइट शहरों के विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद है।

इन इलाकों में पिछले पांच सालों में जमीन की कीमत 2,500 रुपये प्रति वर्ग फीट से बढ़कर 3,800 रुपये प्रति वर्ग फीट हो गई है।

कोलियर्स की रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि आने वाले सालों में फिनटेक सिटी और परांडुर में प्रस्तावित चेन्नई ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जैसी आगामी परियोजनाओं के कारण इन इलाकों में विकास जारी रहेगा।

भारतीय कॉरपोरेट्स में अदाणी ग्रुप सबसे आकर्षक कारोबारी समूहः नोमुरा

मुंबई। जापानी ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने कहा कि भारतीय कारोबारी समूहों में अदाणी ग्रुप सबसे आकर्षक स्थिति में है और समूह की कंपनियों के मुकाबले अन्य भारतीय कॉरपोरेट्स का वैल्यूएशन महंगा है।

रिपोर्ट में वैश्विक ब्रोकरेज ने कहा कि पोर्ट से पावर तक के सेक्टर में कारोबार करने वाला अदाणी समूह अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) द्वारा अभियोग में लगाए गए आरोपों के कारण हुई हालिया उथल-पुथल का सामना करने में भी सक्षम होगा।

नीरज विद्या मंदिर में मनावार्शिक क्रीड़ा उत्सव

विजेता अपनी गलतियों को दुहराते नहीं - विनोद हथेल

डोंगरगांव (दावा)। ''सफलता प्राप्त करने के लिए सजग एवं सक्रिय रहने की आवश्यकता है। असफलता में ही सफलता का रहस्य छुपा होता है।'' उक्ताशय के विचार जिला खेल अधिकारी (चौकी-मोहला-मानपुर) विनोद हथेल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से नीरज विद्या मंदिर, मोहड़ में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में रखे। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में आगे कहा कि हारने वाले इस बात को अवश्य समझें कि उनसे चूक कहाँ हुई है। असफलता ही सफलता की राहप्रशस्त करती है क्योंकि हारने वाला व्यक्ति ही अपनी खामियों पर चिंतन करता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्पोर्टस ऑफिसर विजय टेंभूरकर थे। कार्यक्रम में संस्था के बोर्ड ऑवफ डायरेक्टर्स एवं शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, रितेश शर्मा, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक श्रीजी. राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। क्रीड़ा उत्सव का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति छात्र-छात्राओं ने दी। अतिथियों का स्वागत शैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र संघ पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ खेलको भी अपने जीवन में अनिवार्य रूप से स्थान देना चाहिए। प्राचार्या सुश्री जहान ने अपने स्वागत भाषण में स्कूल की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि जितने भी कामयाब व्यक्तित्व हुए हैं उन्होंने स्पोटर्स को अपने जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। अपने प्रेरक उद्बोधन में संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्ट नीरज बाजपेयी ने खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियो से इस क्षेत्र में पूरी ऊर्जा के साथ काम करने को कहा। वार्षिक खेल

प्रतिवेदन खेल शिक्षक श्री एल.आर. कदम ने प्रस्तुत किया। उन्होंने पूरे वर्ष भर की खेल गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। सहायक खेल शिक्षक गुलशन कुमार के नेतृत्व में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर अतिथियों ने क्रीड़ा उत्सव का गरिमामय शुभारंभ किया। बच्चों को अनुशासन व खेल भावना संबंधी शपथ दिलाई गई। आकर्षक मार्च पास्ट करते हुए विद्यार्थियों ने अपनी ऊर्जा का शानदार परिचय दिया। इसके पश्चात बच्चों ने आकर्षक ड्रील, पीटी एवं ऐरोबिक शो के माध्यम से खेल-खेल में व्यायाम का संदेश दिया। प्री-प्रायमरी के बच्चों ने सबसे पहले योगा व एथलेटिक्स के तहत अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 50 मी., 80मी, 100मी, 200मी एवं रिलेरेस में छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। अंत में विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्रीनहाऊस (निर्माण) को ओवर ऑल चैम्पियन होने का गौरव हासिल हुआ। यलोहाऊस (लक्ष्य) कोरनर अपका खिताब मिला। स्पोर्ट्स चैंपियन का खिताबस्कूल की खेलप्रतिभा खिलेन्द्र कोरेटी (12वीं) और भाविका नेताम (12वीं) कोमिला। इन्हे ट्रॉफी देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। अतिथियों ने राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। शिक्षा सत्र 2023-24 की बारहवीं एवं दसवीं बोर्ड परीक्षा के टॉप फाइव को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी को खेल ध्वज उतारकर छात्र संघ पदाधिकारियों ने सौंपा। जिसे संस्था प्राचार्या को ससम्मान सौंप दिया गया। कार्यक्रम का प्रसंगानु रूप संचालन अंग्रेजी की शिक्षिका श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव, सुश्री भारती मानिकपुरी, व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा एवं चंदन द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक घनश्याम तिवारी ने दी।

संकुल स्तरीय टूर्नामेंट में बिजेपार प्रथम

डोंगरगांव (दावा)। संकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता संकुल आमगांव के अंतर्गत ग्राम मुंजाल कला में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच सावित्री भूषण साहू के मुख्यातिथ्य में किया गया।

पूरे खेल के दौरान खिलाड़ी अनुशासन का पालन करते हुए 5 प्राथमिक शाला व 2 माध्यमिक शाला के करीब 175 बच्चे हिस्सा लिये जंहा पर 80 मी 100 मी 200 मी 400 मी 600 मी दौड़ बोरा दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, सुरैली कुर्सी, रेले रेस, खो खो, कबड्डी, रस्सा कसी, गोली चम्मच आदि खेलो का आयोजन किया गया। पूरे खेल के दौरान उत्कृष्ट खेलों का प्रदर्शन प्राथमिक शाला बिजेपार व माध्यमिक शाला आमगांव के खिलाड़ियों ने किया जिसे ओवर आल चैंपियन के खिताब से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व मोमेंटो ग्रामवासियों के दुव्रारा प्रदान किया गया। पूरे खेल के दौरान शिक्षक दूय ज्ञानचंद साहू, शैलेंद्र बोरकर, अलेन्द्र सर, अमरिया सर, कुलदीप मैडम, संतोषी साहू, वर्षा पाठक, ललित देवांगन, राजकुमार कौशल गालु राम साहू, वेदिका हिरवानी, सविता मेश्राम, यास्मीन ठाकुर, सरोज सहारे आदि शिक्षक शिक्षिका ओ का योगदान रहा। अंत में आभार प्रदर्शन उपसरपंच पन्ना लाल साहू ने किया।

विधायक भोलाराम साहू ने संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

छुरिया (दावा)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 खुज्जी के वनाँचल क्षेत्र ग्राम उचईपुर (चिखलाकसा), विकासखंड छुरिया में आयोजित संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुभारंम कार्यक्रम में माननीय लोकप्रिय विधायक खुज्जी भोलाराम साहू जी सम्मिलित हुए। इस दौरान विधायक श्री साहू जी ने खेल के शुभारंभ से पूर्व मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर, खेल प्रतियोगिता शुभारंभ हेतु ध्वजारोहण किए एवं खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किए, इसी क्रम में बालिकाओं के द्वारा अतिथियों के स्वागत हेतु सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दिए विधायक जी उन्हें पुरस्कार राशि देकर उनका भी उत्साहवर्धन किए. श्री साहू जी ने जनसमूह एवं खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए एवं अतिथियों के आत्मीय स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त किए तथा खेल को शारीरिक स्वास्थ्य एवं बौद्धिक विकास हेतु अहम हिस्सा होना बताया। इस कार्यक्रम के दौरान श्रीमती अनिला सलामें सरपंच चीखलाकसा, प्रताप घावड़े सरपंच तुर्रेगढ़, चरण सिंह यादव, सगुन, दमीचंद सिन्हा, टोमन सिन्हा, आत्माराम तुमरेकी, आशा मांडवी, हेमलाल साहू, उद्घोषक चमरू राम यादव शिक्षक, अंगद शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय के एक वर्ष कार्यकाल उपलब्धि पूर्ण-रत्नावली कौशल

सभी वर्गों के हितार्थ कार्य एवं ओबीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण पर माना आभार

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा नेत्री एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व सदस्य रत्नावली कौशल ने रायपुर स्थित सीएम हाउस में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर भाजपा सरकार के सफलतम एक साल पूरा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ओबीसी वर्ग के आरक्षण को 50 प्रतिशत करने और किसानों से व्यवस्थित धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री श्री साय का आभार भी व्यक्त किया।

भाजपा नेत्री रत्नावली कौशल ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके सुशासन तथा सरकार कि पूर्णतः पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्यप्रणाली का व्यापक असर पूरे प्रदेश में चारों ओर नजर आ रहा है। महतारी वंदन योजना हम माता बहनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। एक हजार रुपए की जो मान राशि सरकर हर माह दे रही है,वह आड़े वक्त में माता बहनों के बहुत काम आ रही है। वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर आने वाले खर्च की भरपाई कर रही हैं, उनमें बचत की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। कई माता बहनें इस राशि से छोटा मोटा व्यवसाय भी करने लगी हैं, इसके लिए राज्य की महतारियों और बहनों की ओर से आपका वंदन है। रत्नावली कौशल ने धान खरीदी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बताया कि भाजपा के चुनावी वादे के मुताबिक 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी एवं धान की राशि का समय पर भुगतान हो जाने से किसान बहुत खुश हैं। सभी खरीदी केंद्रों में बारदाने भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने से न तो खरीदी में परेशानी हो रही है, भंडारण में। रत्नावली ने कहा कि त्वरित राशि भुगतान से किसान अपने विवाह योग्य बेटे बेटियों की सगाई, शादी की अच्छी तरह से कर पा रहे हैं। किसान बड़े खुश हैं। कांग्रेस नेताओं के दुष्प्रचार का वे मौके पर ही जवाब देने लगे हैं। इसके अलावा रत्नावली कौशल ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में वृद्धि को भी सराहनीय कदम बताते हुए सुगम धान खरीदी और आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने पर मुख्यमंत्री श्री साय का आभार भी व्यक्त किया।

जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रही प्रदेश की साय सरकार - गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। बीते वर्ष चुनाव के परिणाम ने प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनाने का मार्ग तय किया था जिसके बाद प्रदेश की कमान विष्णुदेव साय को सौंपी गई। बतौर मुख्यमंत्री निरंतर विकास कार्य और कल्याणकारी योजनाओं के नाम से जानता के बीच अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज की।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने इस जनादेश दिवस को सुशासन और समृद्धि का एक वर्ष बताया। आगे कहा कि पांच साल तक प्रदेश में भय और आतंक की सरकार का अंत इसी दिन हुआ था और प्रदेश में पुनः विकास का सूर्योदय हुआ था। प्रदेश की जनता ने छत्तीसगढ़ में कमल खिलाकर सुशासन की सरकार बनाने के अटूट संकल्प को पूरा किया था। इस जनादेश के बाद से मुख्यमंत्री बनते ही विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पूरा करते हुए प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाना शुरू किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा दी। प्रदेश में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी, प्रधानमंत्री आवास को पुनः शुरू किया। किसानों से 3100 रूपये में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी करने का संकल्प भी हमारी सरकार पूरा करने जा रही है। प्रदेश में शांति व्यवस्था स्थापित करने माओवादियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रही है। इसके साथ ही कई विकासकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर प्रदेश में समृद्धि का वातावरण स्थापित किया है। हमारी सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रही है। जनता की प्रत्येक अपेक्षा को भी पूरा कर रही है।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू हुए शामिल

छुरिया (दावा)। शास. प्राथमिक शाला बरछाटोला दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू शामिल हुए। जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने अतिथियों, शिक्षागण, एवं आयोजनकर्ताओ को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को खेल के प्रति उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही खेल के अलावा पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही। साथ ही इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत झिरझराटोला किशोर टेमरे,चंद्रहास घृतलहरे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

महिला संगठन द्वारा डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर शांति रैली कर दी श्रद्धांजलि

डोंगरगढ़(दावा)। सुजाता महिला बुद्ध समिति वार्ड नंबर 2 डोंगरगढ़ के द्वारा 6 दिसंबर को शांति रैली का आयोजन किया गया। विश्व वंदनीय, बोधिसत्व, संविधान निर्माता, नारी मुक्ति के मसीहा, महामानव परम पूज्य डॉ बाबा साहेब भीमराव रामजी अंबेडकर का 68वां महाप्रयाण दिन वार्ड के प्रिरत बुद्ध विहार से वार्ड के हर चौक से गुजरते हुए शांति रैली निकाली गई ।और वार्ड भ्रमण किया गया।

डॉ अंबेडकर द्वारा किए गए संघर्ष से मिली सुविधाओं से कृत संकल्पित समाज द्वारा कहां गया कि, बाबा साहेब ने हमें बिना मांगे सब कुछ दे दिया। इसलिए उनके प्रति सुजाता महिला बुद्ध समिति ने कृतज्ञता प्रकट करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पितकर एक नयी पहल शुरू की। सुजाता महिला मंडल को सभी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया।

सभी बच्चे बुजुर्ग उपासक एवं उपाशिकाएं, जयभीम लाइब्रेरी समिति के अध्यक्ष मनोज चंद्रिकापुरे, अमित मेश्राम, महापुरुष म्यूजिक समिति के अध्यक्ष कुंवर लाल सहारे, गायक रत्नदीप चंद्रिकापुरे और हमारा हमेशा प्रोत्साहन बढ़ाने वाले संविधान के जानकार और प्रवक्ता अमिताभ दुफारे और सामाजिक कार्यकर्ता अनिल लांडगे जो हमारी समिति और हमारे वार्ड नंबर 2 के विहार को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए हमेशा कार्यरत रहते हैं।

हमारी महिला मंडल ने अभी तक जो कार्य किए हैं उनके सहयोग उनके विचार के बिना यह सब नहीं हो सकता था और आगे भी हम उम्मीद करते है कि ऐसे ही विचार हमे देते रहेंगे इन सबको सुजाता महिला समिति की ओर से बहुत-बहुत साधुवाद व्यक्त किया गया।

छत्तीसगढ़ के 32 मजदूर महाराष्ट्र में बनाए गए बंधक

कलेक्टर व एसपी से मजदूरों के परिजनों ने लगाई गुहार

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ के मजदूरों को महाराष्ट्र में बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है सोमवार दोपहर एक बजे मजदूरों के परिजनों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी से मुलाकात कर मजदूरों को छुड़ाने गुहार लगाई है।

मजदूरों के परिजनों ने बताया कि महाराष्ट्र के नांदेड़ तहसील के निवासी ठेकेदार ने जिले के अंबागढ़ चौकी विकासखंड के विचारपुर ग्राम के 32 मजदूरों को अपने साथ मिर्ची तुडाई करने के नाम से ले गया और अब उन्हें वापस नहीं आने दे रहा है, ठेकेदार मजदूरों को गन्ना तुडाई का काम करवा रहा है और गुलहल्ली गांव के ग्रामीणों द्वारा मजदूरों को हमेशा निगरानी में रखा जा रहा है। परिजनों ने बताया कि बंधक मजदूरों को टीन शेड में रखा जा रहा है,और ना पर्याप्त खाना दे रहें है ना पानी। वही ठेकेदार ग्रामीणों को छोड़ने के एवज में 9 लाख रुपए की मांग भी कर रहा है। ठेकेदार मजदूरों को मोबाईल पर बात भी नहीं करने दे रहा है,किसी तरह बंधक मजदूरों ने फोन से वीडियो भेज कर अपनी बात अपने परिजनों तक पहुंचाया है, जिसके बाद मजदूरों के परिजनों ने जिले के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से मजदूरों को छुड़ाने गुहार लगाई है।

विश्वविद्यालय में एड्स दिवस पर रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एवं जिला अस्पताल खैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार 6 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कुलपति सत्यनारायण राठौर व कुलसचिव प्रेमकुमार पटेल के संरक्षण तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिवाकर कश्यप के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

30 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लिया

प्रतियोगिता में विषय विशेषज्ञ के रूप में जिला एड्स नोडल अधिकारी ऋतुराज सिंह, बीएमओ खैरागढ़ डॉ.विवेक बिसेन, डॉ. खुशबू बिसेन व आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. श्रुति जैन उपस्थित रहीं। निर्णायक के रूप में निबंध प्रतियोगिता के लिये डॉ. देवमाईत मिंज तथा चित्रकला प्रतियोगिता के लिये संदीप किण्डो को नियुक्त किया गया था।

रंगोली एवं निबंध दोनों ही प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के कुल 30 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इन प्रतिभागियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संगीत संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. नमन दत्त, सहायक प्राध्यापकगण डॉ. लिकेश्वर वर्मा, डॉ. हरिओम हरि, डॉ. जगदेव नेताम व विवेक नवरे सहित अतिथि शिक्षक मौजूद रहे।

महाविद्यालय में तीन दिवसीय हार्टफुलनेश रिलैक्सेशन एवं ध्यान साधना कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। 5 से 7 दिसम्बर 2024 को नवीन महाविद्यालय में तीन दिवसीय हार्टफुलनेश रिलैक्सेशन एवं ध्यान साधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्या श्रीमती डॉ. अंजना ठाकुर द्वारा प्राथ.स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी से उपस्थित समस्त डाक्टरों एवं हार्टफुलनेश-रिलैक्सेशन एवं ध्यान साधना प्रशिकों का स्वागत, सत्कार कियें। सद्पश्चात प्रस्ताविक भाषण दिये।

जिसमें उन्होंने शरीर की देखभाल की आवश्यकता एवं रोग मुक्त जीवन पर सारगर्मित बात कही। इसी परिपेक्ष्य में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. गोविंद नामदेव जी ने तनाव मुक्त जीवन पर विस्तृत व्याख्यान देकर मन में पवित्र विचार के साथ नैतिक कार्य-व्यवहार, आचरण करने की बात कही। तथा हार्टफुलनेश रिलैक्सेशन कब ध्यान साधना प्रशिक्षक डॉ. सिरिज साव द्वारा फिल्म प्रोजेक्टर प्रदर्शित कर शरीर में होनेवाली गतिविधियों, मानसिक प्रवृत्तियों पर ज्ञान अर्जित करायें।

इस अवसर में डॉ. एन.के लहरेजी, हरवंश चौरगेजी हेमशंकर साहू, श्रीमती सौम्या देवांगन, शुभि जैन, चांदनी पराते, डॉ. संजूसिंह राजपूत, डॉ. काव्या जैन, सरोजनी वर्मा, लीना साहू, हन्नी ठक्कर, नंदनी कुर्रे, हिमानी साहू इत्यादि प्राध्यापक एवं अतिथि प्राध्यापक से साथ जितेन्द्र वर्मा, मोहन वर्मा, हितेन्द्र वर्मा, नागेश वर्मा, मुकेश यदु इत्यादि प्राथ. स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी के सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत रहा। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश सहारे (अतिथि हिन्दी प्राध्यापक) द्वारा किया गया।

विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

खैरागढ़ (दावा)। राज्य सरकार की मंशानुसार राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया।

यह आयोजन कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम पंचायत बढ़ईटोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में हुआ। जिसमें विभिन्न विधाए जैसे-सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तत्कालिक भाषण, कविता आदि विधाओं में 15 से 29 आयु वर्ग के बालक/बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें व्यक्तिगत लोकनृत्य में हर्ष चंद्राकर, सामूहिक लोकनृत्य में परमानंद एवं साथी प्रथम स्थान, व्यक्तिगत लोकगीत में ईशा बंघेल (पंडवानी) प्रथम स्थान, सामूहिक लोकगीत में सौम्या एवं साथी प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार कहानी लेखन में मनीष यदु, चित्रकला में भोजराम वर्मा प्रथम स्थान, वंदना वर्मा द्वितीय स्थान, तत्कालिक भाषण में तामेश्वरी प्रथम स्थान, मनीषा यदु द्वितीय स्थान, कविता लेखन में समीरचंद प्रथम एवं रामेश्वरी पाल द्वितीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए घम्मन साहू सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, विप्लव साहू सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव ने कहा कि खेल सभी के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे तन और मन दोनों स्वास्थ्य रहता है। कार्यकम समापन के अवसर पर श्री मुरली वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, शैलेन्द्र मिश्रा सभापति, पारखदास कोसरे सभापति, हिमाचल सिंह राजपुत सभापति, गणेशराम वर्मा, विश्राम वर्मा द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्तीपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक दल विनिता सिंह, लोमेश साहू, केसी केहरी, बैद्रनाथ वर्मा, गोपाल साहू को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बैद्यनाथ वर्मा एवं आभार प्रदर्शन सतीश देशलहरे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं तथा ग्रामवासी मौजूद थे।

नाजुक हाथों में मजबूती बेमिसाल...: मुख्यमंत्री की मदद से जेसीबी वाली दीदी श्रीमती दमयंती सोनी जायेगी जापान

○ मुख्यमंत्री की पहल पर 3 लाख 76 हजार रू. की राशि मिलते ही जापान जाने की राह हुई आसान ○ श्रीमती दमयंती सोनी ने तहेदिल से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को दिया धन्यवाद ○ जेसीबी वाली दीदी मशीनरी वाहनों को कुशलता एवं आत्मविश्वास से चलाते हुए अपने हुनर को करेंगी प्रदर्शित

राजनांदगांव (दावा)। नाजुक हाथों में मजबूती बेमिसाल, यह अहसास राजनांदगांव के ग्राम खैरझिटी की जेसीबी वाली दीदी श्रीमती दमयंती सोनी को जेसीबी, चेन माऊंटेन जैसे मशीनरी वाहनों को कुशलता एवं आत्मविश्वास से चलाते हुए देखकर होता है। श्रीमती दमयंती सोनी मशीनरी वाहनों को एक्स-पो में शामिल होने के लिए जापान जाना चाहती थी, लेकिन आर्थिक दिक्कतों के कारण नहीं जा पा रही थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर 3 लाख 76 हजार रूपए की राशि का चेक मिलते ही उनके लिए जापान जाने की राह अब आसान हो गई है। उन्होंने इस मदद के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को तहेदिल से धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि अब मैं प्राप्त राशि से आसानी से जापान जा सकूंगी और अपना हुनर वहां प्रदर्शित करूंगी तथा छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करूंगी।

जेसीबी वाली दीदी श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि पति की असामयिक मृत्यु ने उन्हें मजबूत बना दिया और बच्चों के परवरिश की जिम्मेदारी को देखते हुए, उन्होंने जेसीबी चलाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि उनके पति स्वर्गीय उत्तम कुमार सोनी किराए से जेसीबी चलाते थे, जिसे वे प्रतिदिन देखती थी। उन्होंने धीरे-धीर जेसीबी चलाना सीख लिया। पति की मृत्यु के बाद वे जेसीबी चलाने लगी और यही उनकी आजीविका का साधन बना। उन्होंने बताया कि उनके बेटे अनमोल ने इसी वर्ष मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है। बेटी का विवाह भी हो गया है। 61 वर्षीय श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि वे एक दिन में 30-35 बार मिट्टी एवं मुरूम हाईवा में भर लेती है। मशीनरी वाहनों को आपरेट करते हुए कुशलता से चला लेती है। वह वर्ष 2012 से जेसीबी चला रही है। अन्य राज्यों में समय-समय पर होने वाले एक्स-पो में शामिल हुई और वहां अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। सामान्यतः यह माना जाता है कि ऐसे मशीनरी वाहन चलाना पुरूषों का कार्य है, लेकिन उन्होंने हिम्मत जुटाई और जज्बे के साथ इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक कर रही है।

श्रीमती दमयंती सोनी ने बताया कि रायपुर में आयोजित इवेंट में बैकहो के माध्यम से माला उठाकर प्रतिमा को पहनाने से उनका चयन हुआ। वर्ष 2019 में बंगलौर में आयोजित एक्स-पो में इवेंट करके दिखाने का मौका मिला। जहां 14-15 देशों के लोग आए हुए थे। जापान से आए प्रतिनिधियों ने वहां उनके हुनर को देखकर जापान आने के लिए आमंत्रित किया। कोविड-19 के कारण कार्यक्रम नहीं हो पाया था। अभी कार्यक्रम होने वाला है, जिसमें उन्हें आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि वे पहले ग्रेटर नोएडा जाएंगी, वहां से वीजा बनेगा, उसके बाद वे अपने बेटे के साथ जापान की राजधानी टोक्यो जाएंगी और वहां एक्स-पो में शामिल होकर अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी।

अपराधिक गतिविधियों के विरोध में युवक कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

कार्यवाही नहीं होने पर युवक कांग्रेस 7 दिनों में करेगी उग्र आंदोलन

राजनांदगांव (दावा)। जिला युवा कांग्रेस द्वारा शहर जिला अध्यक्ष गुरभेज माखीजा और प्रदेश महामंत्री मानव देशमुख के संयुक्त तत्वावधान में सैकड़ों युवा काँग्रेसी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँच जिले में बढ़ते नशा, सट्टा अपराध पर लगाम लगाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया एवं पुलिस प्रशासन को आइना भेंट कर मौजूदा स्थिति पर नियंत्रण ना करने पर आक्रोश जताकर आईना दिखाकर अनूठा प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेसियों द्वारा बताया गया कि विगत 1 वर्ष में राजनांदगांव शहर नशा के चपेट में लिप्त हो चुका है, हर वार्ड मोहल्ल में धल्ले से शराब गांजा एवं सट्टा खाईवाली की जा रही है जिसके चलते अपराध चरम पर है, अपराध के दिशा में जुआ, सट्टा व्यापार के रूप में एवं धारदार औजार शहर के चारों दिशा में नाबालिक और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के पास उपलब्ध है।

सूत्रों के प्राप्त जनकारी के अनुसार प्रत्येक थाना अंतर्गत विभिन्न मुख्य सरगना भी है जो यह नशे एवं सट्टा और अपराध को बढ़ावा दे रहें है और शराब कोचिया, गांजा, टेन और जुआ सट्टा का जाल हर वार्ड मोहल्ले में फैलाये है, इसके साथ विभिन्न ढाबा में खुलेआम शराब परोसा जा रहा है जिसके चलते आयें दिन वहां मारपीट की स्थिति उत्पन्न होती है, उक्त स्थिति राजनांदगांव जिले के साथ पूरे प्रदेश में उत्पन्न हो चुकी है जिसके चलते भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभानु चिब एवं प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के द्वारा एक युद्ध नशे और अपराध के विरुद्ध और नौकरी दो नशा नहीं अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राजनांदगांव युवा कांग्रेस द्वारा भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँच आईना भेंट कर सांकेतिक रूप से पुलिश प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल उठा कर ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान गुरभेज और मानव देशमुख द्वारा पुलिस प्रशासन को स्पष्ट रूप से सचेत किया गया कि उक्त विषय पर पूर्ण रूप से सट्टा, गांजा एवं शराब कोचियों के सरगना एवं उनके साथियों पर कठोर कार्यवाही कर शहर का वातावरण स्वच्छ करें अन्यथा 7 दिन के भीतर उचित परिणाम ना आने पर युवा कांग्रेस द्वारा आबकारी विभाग या पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का घेराव कर जिला स्तरीय उग्र आंदोलन किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव पवन तिवारी, कुबेर वैष्णव, शहर ब्लॉक ब्लॉक नीलेश पांडेय, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष राहुल साहू, प्रदेश संयुक्त महासचिव एनसीयूआई राजा यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवम गढ़पाले, ऐजू खान, मुकेश निर्मल, जिला महासचिव आफताब अहमद, चंद्रकांत साहू, आशीष रामटेके, सौम्य शर्मा, कृष्णराज देशलहरे, आईटी सेल जिला अध्यक्ष दामन दास वैष्णव, जिला सचिव किशन सिन्हा, सदाब खान, सोहेल, राहुल, महेंद्र साहू, जितेंद्र चंद्रकार, शुभम प्रजापति, सोनू साहू, राहुल मरकाम, वसीम खान, तौफीक खान, दीपेश राजपूत, फारुख खान, वेणु साहू एवं अन्य युवा कांग्रेसी सैकड़ों के संख्या में उपस्थित थे।

आज से मानव मंदिर चौक अब महाकाल चौक

महाकाल चौक का महापौर हेमा देशमुख ने किया अनावरण

राजनांदगांव (दावा)। महाकाल भक्तों की मंशानुरूप एवं महाकाल भक्त पवन डागा की पहल पर आज शहर के हृदय स्थल का चौक आज से महाकाल चौक के नाम से जाना जायेगा। महाकाल चौक के इस नामकरण अनावरण अवसर पर महाकाल भक्तों की अपार भीड़ तथा सभी समाज तथा धर्म के गणमान्य नागरिकों के बीच चौक का नामकरण महाकाल चौक करना सौभाग्य की बात है। उक्त उदगार महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने महाकाल चौक अनावरण अवसर पर दिये। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष सावन के महीने में चंद्रमौलेश्वर महाकाल यात्रा महाकाल समिति द्वारा निकाली जाती है। इस वर्ष के यात्रा आयोजन के लिये आहुत बैठक में महाकाल भक्तों ने मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक करने की मांग की। उनकी मांगों को अंजाम देने निगम में प्रक्रिया कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि महाकाल भक्तों ने चौक के नामकरण के साथ साथ त्रिशुल लगाने की भी मांग की थी। लेकिन व्यस्तम मार्ग तथा यातायात को ध्यान में रखते हुये महाकाल त्रिशुल सिद्धपीठ माता शीतला मंदिर में स्थापित किया गया और मानव मंदिर चौक का नामकरण महाकाल चौक किया गया। उन्होंने कहा कि आज सभी समाज एवं सस्था के लोग यहा उपस्थित है। मुस्लिम समाज से लेकर सिंधी समाज, गुजराती लोहाणा समाज, सतनामी समाज, गौण ब्राम्हण समाज, खण्डेलवाल समाज, राजपूत समाज जैसे अनेक समाज के अलावा प्रजापिता ब्रम्हकुमारी, शनिधाम समिति, बजरंगदल, बागेश्वरधाम, बढते कदम जैसे संस्था के लोग उपस्थित होकर महाकाल चौक के साक्षी बने, यह बड़ी गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि एलईडी लाईट से सुसज्जित महाकाल चौक का नामकरण पट्टीका चौक के चारों ओर शोभायमान हो रही है, जिसे युगों-युगों तक याद रखा जायेगा। उन्होंने सभी समाज, संस्था एवं महाकाल भक्तो का हृदय से आभार व्यक्त किया।

महाकाल चौक अनावरण के लिये आज आयोजित कार्यक्रम में नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों, सर्वश्री मधुकर बंजारी, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, अमीन हुद्दा, पार्षदगण सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, श्रीमती मधु बैद, टोपेन्द्र सिंह पारस, सिद्धार्थ डोगरे, राजेश जैन रानू, अरूण देवांगन के अलावा विभिन्न समाज से सर्वश्री जयनारायण सिंह, पण्डित शुक्ला, नथमल कोडडिया, शरद अग्रवाल, आवत रामजी, शाहिद भाई, पवन डागा, राजू डागा, राजा माखीजा, राजेन्द्र लड्ढा, सूर्यकांत जैन, राकेश ठाकुर, श्रीमती माया शर्मा, थानेश्वर पाटिला सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में महापौर श्रीमती देशमुख ने भव्य आतिशबाजी तथा ढोल व बैण्ड में महाकाल की धुन के बीच महाकाल चौक पट्टीका का अनावरण किया। चौक में शनिधाम समिति के द्वारा ओम एवं स्वास्तिक धार्मिक चिन्ह का दीपों से बनायी आकृति चौक में चार चांद लगा रहा था।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने अपने संबोधन में कहा कि आज से यह चौक महाकाल चौक के नाम से जाना जायेगा, और हम सौभाग्यशाली है कि हमें इस पावन कार्य को करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मै सभी महाकाल भक्तो का बधाई देता हूँ कि उनके प्रयास एवं महाकाल की कृपा से आज महाकाल चौक मूर्त रूप लिया।

महाकाल भक्त पवन डागा ने कहा कि आज से पहले इस चौक का कोई नाम नही था जो आज महाकाल चौक हुआ। मै महापौर श्रीमती हेमा देशमुख सहित पूरे निगम परिवार को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने हमारी मांग पर सहमति देते हुये शहर के इस प्रमुख चौक का नाम महाकाल चौक किया और सभी महाकाल भक्तो का इसमें सहयोग मिला। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य संतोष पिल्ले ने एवं संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव मिश्रा ने किया। अनावरण अवसर पर महाकाल भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्लॉट बेचना है
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
-: संपर्क :-
62641-56342

बेचना है
(1) मोतीपुर से ढाबा रोड पर ढाबा में 76 डिसमिल जमीन बेचना है।
(2) रामनगर में स्कूल के पास 14 डिसमिल बेचना है।
(3) 21 ईंट बनाने वाली हैवी फ्लाई एश ब्रिक्स मशीन बेचना है।
-: संपर्क :-
मनोज सिन्हा मोतीपुर राजनांदगांव
7697225949, 7999580145, 6267688665

सिर पर गिरी छत, नवयुवक की मौत

डोंगरगांव (दावा)। नगर के नखत बाड़ा के समीप एक दर्दनाक हादसा हो गया जब कुछ युवक भवन को तोड़ने का काम कर रहे थे, तभी अचानक भवन का छत युवक के सिर में गिरा और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। इधर अस्पताल में पहुंची युवक की माँ का रो-रोकर बुरा हाल था और अपने बेटे को लाने और दिखने को लेकर व्याकुल हो रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार नखत बाड़ा के समीप इमरान खान के मकान में तोड़फोड़ का काम चल रहा था। यह कार्य विगत कुछ दिनों पूर्व ही प्रारंभ हुआ था। डिस्मेंटल कार्य ग्राम मनेरी के ठेकेदार इंद्रकुमार के लेबरों के द्वारा किया जा रहा था। इसी प्रकार 9 दिसंबर सोमवार को भी कार्य में लगे तीन युवक को ठेकेदार काम बताकर अन्यत्र चला गया। कार्यरत युवक संजय कुमार बांधे व टिकेश्वर डहरे निवासी ग्राम मनेरी ने बताया कि हम लोग दीवाल तोड़ रहे थे। इसी दौरान पंकज (22 वर्ष) कुछ हथौड़ा चलाने के बाद छत के नीचे बैठ गया। तभी अचानक छत का एक हिस्सा उसके सिर पर गिर गया। छत गिरने के बाद पंकज बुरी तरह घायल हो गया और खून से लथपथ हालत में उसे 112 की मदद से डोंगरगांव अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मृत युवक के परिजनों को दी गई और उसकी माँ अस्पताल पहुंची। काफी देर तक अपने बेटे की जानकारी के लिए व्याकुल रही और उसके पिता की राह देख रहे थे। मृतक का एक छोटा भाई है और इनका परिवार रोजी मजदूरी करता है। इस मामले में डोंगरगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।



सामुदायिक शौचालयों में अव्यवस्था एवं सफाई का अभाव

आयुक्त ने संचालकों को थमाई नोटिस

राजनांदगांव (दावा)। निगम सीमाक्षेत्र के सामुदायिक शौचालयों के रख रखाव व साफ सफाई के लिये स्वच्छता श्रृंगार योजनांतर्गत सचांलन के लिये एनजीओ नियमानुसार दिया गया है। शौचालयों के निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था एवं साफ सफाई के अभाव में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने संचालकों को व्यवस्था दुरूस्त करने नोटिस थमाई है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नोटिस के माध्यम से सुलभ शौचालय के संचालकों सिटी केयर फाउंडेसन चिखली, लीलम समाज सेवा संस्थान, भाटापारा, सुलभ इंटर नेशनल सोशल सर्विस रायपुर एवं आरोहण समाज सेवी संस्थान दुर्ग को कहा है कि शासन के नियमानुसार निगम सीमाक्षेत्र के सामुदायिक शौचालयों के संचालन का दायित्व आपको सौंपा गया है। शौचालयों के निरीक्षण के दौरान शौचालयों में ओडीएफ टूलकिट अनुसार आवश्यक सामग्री, रजिस्टर व साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पायी गयी, न ही केयर टेकर उपस्थित पाये गये। इसके अलावा शौचालयों के केयर टेकर द्वारा माई-टॉयलेट एप पर प्रतिदिन उपस्थिति भी दर्ज नहीं किया जा रहा है, जो लापरवाही को प्रदर्शित करता है।

आयुक्त ने कहा कि इस संबंध में आपको बैठक लेकर निर्देशित किया गया था। उसके पश्चात निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था पाया गया, आज सामाचार पत्र में भी शौचालयों में अव्यवस्था संबंधी सामाचार प्रकाशित हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 19 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक भारत सरकार द्वारा स्वच्छ शौचालय 2.0 अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें शौचालयों में साफ सफाई रख आवश्यक व्यवस्था सुदृढ़ करना है, इस संबंध में मिशन क्लीन सिटी द्वारा अवगत कराया गया था। उसके पश्चात भी निर्देश का पालन नही किया गया, न ही व्यवस्था में कोई सुधार की गयी। आपका यह कृत्य कार्य में उदासीनता तथा एवं घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नोटिस के माध्यम से संचालकों को निर्देशित किया है कि दो दिवस के भीतर सामुदायिक शौचालयों में व्यवस्था दुरूस्त कर नियमित रूप से साफ सफाई करना सुनिश्चित करे तथा प्रतिदिन जीयो टैग लोकेशन के साथ फोटो विडियों शेयर करे। उन्होंने कहा कि अन्यथा की स्थिति में अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी रहेगे।

प्री-बोर्ड परीक्षा 20 जनवरी से, स्कूलों में एक्स्ट्रा क्लास लगाने की तैयारी

राजनांदगांव(दावा)। शिक्षा विभाग ने प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन 20 जनवरी से करने का निर्णय लिया है। अफसरों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस परीक्षा का स्वरूप बोर्ड परीक्षा के समान होगा, जिसमें प्रश्न पत्रों का ब्लू प्रिंट तैयार किया जाएगा और पूरे पाठ्यक्रम से ही प्रश्न पूछे जाएंगे। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में स्कूलों को तैयारी के निर्देश जारी किए हैं।

स्कूल शिक्षा सचिव के आदेशानुसार, 10 जनवरी 2025 तक 100 प्रतिशत पाठ्यक्रम पूरा करना आवश्यक होगा। इसका मतलब है कि स्कूलों को निर्धारित समय के भीतर छात्रों को पूरी तरह से परीक्षा के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग ने अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि पाठ्यक्रम पूरा करने में कोई कमी न रहे।

सीजी बोर्ड एग्जाम : 1 मार्च से 12वीं और 3 मार्च से 10वीं बोर्ड की परीक्षा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा 2025 की तारीख जारी कर दी है। हायर सेकेंडरी की मुख्य परीक्षा 1 मार्च से 28 मार्च तक होगी, वहीं हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित होगी, दोनों परीक्षाएं सुबह की पाली में आयोजित की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com